**Samyak**
An Institute For Civil Services

# मासिक समसामयिकी

# करेंट अफेयर्स

## नवम्बर 2024

**विशेष आकर्षण**

- अंतर्राष्ट्रीय घटनाचक्र
- राष्ट्रीय घटनाचक्र
- राजस्थान घटनाचक्र
- रक्षा/विज्ञान प्रौद्योगिकी
- आर्थिक घटनाचक्र
- खेल जगत



**सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए समान रूप से उपयोगी**




# INDEX


| | | पेज नं. |
|---|---|---|
| 1 | राजस्थान परिदृश्य | 1 – 14 |
| 2 | राष्ट्रीय परिदृश्य | 15 |
| 3 | आर्थिक परिदृश्य | 16 |
| 4 | अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य | 17 – 18 |
| 5 | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 19 – 21 |
| 6 | खेल | 22 –23 |
| 7 | पुरस्कार एवं सम्मान | 24 – 25 |
| 8 | चर्चित व्यक्तित्व | 26 – 27 |
| 9 | चर्चित स्थल | 28 - 29 |
| 10 | महत्त्वपूर्ण तथ्य | 30 - 32 |
| 11 | रिपोर्ट्स एवं इंडेक्स | 33 – 34 |


# मासिक करेंट अफेयर्स

## नवंबर : 2024

Near Riddhi-Siddhi Circle, Gopalpura Bypass, Jaipur

# 1. राजस्थान परिदृश्य

## राजस्थान विधानसभा उपचुनाव 2024

- राजस्थान में 13 नवम्बर 2024 को 7 सीटों पर हुए विधानसभा उपचुनाव हुए।
- उपचुनाव परिणाम-
  - भारतीय जनता पार्टी - 5 सीट (झुंझुनूं, खींवसर, देवली-उनियारा, सलूंबर, रामगढ़)
  - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस – 1 सीट (दौसा)
  - भारतीय आदिवासी पार्टी (BAP) – 1 सीट (चौरासी)

| क्र. | विधायक | विधानसभा क्षेत्र | राजनीतिक दल |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री रेवंतराम डांगा | खींवसर | भारतीय जनता पार्टी |
| 2. | श्रीमती शांता अमृतलाल मीना | सलूंबर | भारतीय जनता पार्टी |
| 3. | श्री दीनदयाल बैरवा | दौसा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 4. | श्री राजेंद्र भांबू | झुंझुनूं | भारतीय जनता पार्टी |
| 5. | श्री राजेंद्र गुर्जर | देवली-उनियारा | भारतीय जनता पार्टी |
| 6. | श्री सुखवंत सिंह | रामगढ़ | भारतीय जनता पार्टी |
| 7. | श्री अनिल कुमार कटारा | चौरासी | भारतीय आदिवासी पार्टी (BAP) |

**उपचुनाव में -**

- **सर्वाधिक वोटों से जीत:** राजेंद्र भांबू (झुंझुनूं) - 42,848 वोट
- **सबसे कम वोटों से जीत**: श्रीमती शांता अमृतलाल मीना (सलूंबर) - 1285 वोट

| **राजस्थान विधानसभा** | |
|---|---|
| **कुल सीटें – 200** | |
| राजनीतिक दल | सीटें |
| भारतीय जनता पार्टी | 119 |
| भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | 66 |
| भारत आदिवासी पार्टी | 4 |
| बहुजन समाज पार्टी | 2 |
| राष्ट्रीय लोक दल | 1 |
| निर्दलीय | 8 |

**नोट:** वर्तमान में राजस्थान की 16वीं विधानसभा में महिला विधायकों की संख्या 21 हो गई है। इसमें 10 भाजपा, 9 कांग्रेस और 2 निर्दलीय है।

- राज्य की 21 महिला विधायकों में से 7 अनुसूचित जाति और 3 अनुसूचित जनजाति आरक्षित सीट से चुनी गयी है।
- निर्दलीय महिला विधायकों में डॉ. ऋतु बनावत और डॉ. प्रियंका चौधरी शामिल है।

## जयपुर, जोधपुर और कोटा में नगर निगम की संख्या पुनः 1 की जाएगी

- राजस्थान सरकार द्वारा नगरीय निकायों में जनसंख्या के आधार पर नए सिरे से वार्ड निर्धारण कर दिया गया है।
- **नए प्रावधान:** यदि एक निकाय में 25 से 35 लाख आबादी हो तो उसमें 150 वार्ड होंगे।
- इससे पूर्व 15 लाख से ज्यादा आबादी पर 150 वार्ड निर्धारित थे।

**जनसंख्या स्लैब में बदलाव**

- नगरीय निकायों में निम्नलिखित आधार पर वार्ड तय किए जाएंगे-

| जनसंख्या | वार्ड |
|---|---|
| 15,000 तक | 20 |
| 15,001-25,000 | 25 |
| 25,001-40,000 | 35 |
| 40,001-60,000 | 40 |
| 60,001-80,000 | 45 |
| 80,001-1,00,000 | 55 |
| 1,00,000-2,00,000 | 60 |
| 2,00,001-3,50,000 | 65 |
| 3,50,001-5,00,000 | 70 |
| 5,00,001-10,00,000 | 80 |
| 10,00,001-13,00,000 | 100 |
| 13,00,001-15,00,000 | 110 |
| 15,00,001-25,00,000 | 130 |
| 25,00,001-35,00,000 | 150 |

## मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना, 2024

- **लागू:** 26 नवंबर 2024 को
- **उद्देश्य:** वृद्धावस्था में श्रमिकों, पथ विक्रेताओं और लोक कलाकारों को आर्थिक संबल।
- **लाभार्थी:**
  - असंगठित श्रमिक, पथ विक्रेता (स्ट्रीट वेंडर), लोक कलाकार।
  - आय ₹15,000 मासिक से अधिक न हो।
  - **आयु सीमा:** 18-45 वर्ष।
- **पेंशन प्रावधान:**
  - 60 वर्ष की आयु पर ₹ 3,000 मासिक पेंशन।
  - मृत्यु के बाद पति/पत्नी को आधी पेंशन
- **अंशदान:**
  - 60 वर्ष की आयु तक अंशदान।
  - 41-45 वर्ष के लाभार्थियों के लिए ₹100/माह अंशदान, शेष राज्य सरकार द्वारा।
- **अतिरिक्त लाभ:**
  - मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन के अतिरिक्त।

- प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना (PMSYM) में 18-40 वर्ष के लाभार्थियों को शामिल किया जाएगा।
- **प्रशासनिक विभाग:** वित्त (बीमा) विभाग।
- **नोडल विभाग:** राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग।

**पात्रता:**

- **मूल निवासी:** राजस्थान।
- **अनिवार्य दस्तावेज:**
  - बैंक बचत खाता।
  - आधार संख्या।
  - केंद्र सरकार के ई-श्रम पोर्टल से प्राप्त पंजीकरण संख्या।
- **नोट:** योजना केंद्र सरकार की PMSYM योजना से अलग 41-45 वर्ष के लाभार्थियों के लिए अतिरिक्त प्रावधान प्रदान करती है।

## गोविन्द गुरु जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजना

- यह राजस्थान सरकार की योजना है।
- **शुरुआत:** 15 नवंबर 2024 को।
- यह योजना वनाधिकार अधिनियम के तहत वन क्षेत्रों में निवास करने वाले आदिवासियों व परम्परागत वन निवासियों के कल्याण के लिए है।
- इसके माध्यम से सामुदायिक वनाधिकार क्षेत्रों में विकास और संरक्षण के कार्य किए जाएंगे।
- इसके तहत आदिवासियों के स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देकर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा।
- आदिवासियों के संरक्षण हेतु वन क्षेत्र के निवासियों को वनाधिकार पत्र जारी किए जाएंगे।

## पंच-गौरव कार्यक्रम

- यह कार्यक्रम राजस्थान के सभी जिलों में पंचमुखी विकास, आर्थिक गतिविधियों और रोजगार को बढ़ावा देने हेतु शुरू किया जाएगा।
- इसके तहत प्रत्येक जिले में एक उपज, एक वानस्पतिक प्रजाति, एक उत्पाद, एक पर्यटन स्थल एवं एक खेल को चिह्नित किया जाएगा।
- प्रत्येक जिले के लिए इन श्रेणियों में चिन्हित इन पांच तत्वों को जिले के पंच गौरव के रूप में जाना जाएगा।
- **कार्यक्रम संचालन:** संबंधित जिला कलेक्टर और विभाग।

| **कार्यक्रम** | **राज्य स्तर पर विभाग** |
|---|---|
| एक जिला- एक उपज | कृषि विभाग |
| एक जिला- एक प्रजाति | वन विभाग |
| एक जिला- एक उत्पाद | उद्योग विभाग |
| एक जिला- एक पर्यटन स्थल | पर्यटन विभाग |
| एक जिला- एक खेल | खेल विभाग |

## सिन्धु दर्शन यात्रा के लिए 15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता मिलेगी

- राजस्थान सरकार ने सिन्धु दर्शन यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों को 15,000 रुपये प्रति व्यक्ति आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।
- इससे पूर्व सिंधु दर्शन योजना के तहत यात्रा व्यय का 50% या अधिकतम ₹10,000 देने का प्रावधान था।
- सिन्धु दर्शन यात्रा में सिन्धी समाज का लेह-लद्दाख में धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन होते हैं।
- **यात्रा अवधि:** 18 जून से 30 जून।
- **उद्देश्य**: धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन (लेह-लद्दाख)।
- **नोडल विभाग:** देवस्थान विभाग, राजस्थान सरकार।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

- राजस्थान के 40 जिलों की 208 पंचायत समितियों के 6019 गाँव चयनित।
- इनमें सामाजिक, आर्थिक एवं आधारभूत विकास कार्य करवाया जाएगा।
- इस अभियान से देश में 63,000 आदिवासी गांवों में 5 करोड़ से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है।

**अन्य घोषणाएँ**

- **डूंगर बरंडा स्मारक**: डूंगरपुर।
- **बांसिया चारपोटा स्मारक:** बांसवाड़ा।
- **वीर बालिका कालीबाई संग्रहालय:** उदयपुर।
- **TSP फंड:** ₹1,000 करोड़ से बढ़ाकर ₹1,500 करोड़।
- **सहरिया जनजाति खेल अकादमी:** शाहबाद-बारां।

**धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान**

- **शुरुआत:** 2 अक्टूबर 2024 को झारखंड के हजारीबाग से।
- **कुल परिव्यय:** 79,156 करोड़ रुपये।
- यह अभियान 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सभी जनजातीय बहुल गांवों और आकांक्षी ब्लॉकों में फैले 549 जिलों और 2,911 ब्लॉकों में 5 करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों को लाभान्वित करते हुए लगभग 63,843 गांवों को कवर करेगा।
- **लक्ष्य:** भारत सरकार के 17 मंत्रालयों द्वारा परिपूर्णता और आउटरीच द्वारा कार्यान्वित प्रयासों के माध्यम से सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में महत्वपूर्ण कमियों को खत्म करना और जनजातीय क्षेत्रों और समुदायों के समग्र और सतत विकास को सुनिश्चित करना है।

## पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत ऋण के ब्याज पर 2% अतिरिक्त अनुदान मिलेगा

- **घोषणा:** राज्य बजट 2024-25
- **प्रावधान:**
  - 2% अतिरिक्त ब्याज अनुदान।
  - मात्र 3% की ब्याज दर पर ऋण।
- **उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री:** कर्नल राज्यवर्धन राठौड़।

**पीएम विश्वकर्मा योजना (राष्ट्रीय स्तर)**

- **शुरुआत:** 17 सितंबर 2023।
- **नोडल मंत्रालय:** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (MoMSME)।
- **उद्देश्य:**
    - पारंपरिक शिल्प का संरक्षण।
    - कारीगरों को घरेलू और वैश्विक बाजार तक पहुंच।
- **विशेषताएँ:**
    - प्रमाण पत्र और पहचान पत्र।
    - 5% ब्याज पर ₹1 लाख (पहली किश्त) और ₹ 2 लाख ((दूसरी किश्त)) तक का ऋण।
    - बजट आवंटन: 13,000 करोड़ रुपए (5 वित्तीय वर्षों हेतु [2023-28])
    - कौशल प्रशिक्षण: ₹ 500 प्रतिदिन।
    - उपकरण खरीद अनुदान: ₹ 15,000
    - कवरेज: 18 पारंपरिक व्यापार।

## कृषि और अकृषि ऋण ब्याज अनुदान योजना

- **उद्देश्य:** किसानों की आय बढ़ाने और उत्पादन बढ़ावा देना।
- **प्रावधान:**
    - कृषि लोन पर 7% सब्सिडी।
    - अकृषि लोन पर 5% सब्सिडी (समय पर चुकाने पर)।
    - 2% अतिरिक्त ब्याज अनुदान (2024-25 बजट में घोषणा)।
- **सहकारी मंत्री:** गौतम कुमार।

## मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना

- पूर्ववर्ती नाम: "इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना"।
- नए नाम हेतु राज्य के स्वायत्त शासन विभाग द्वारा इस संदर्भ में 25 नवंबर 2024 को आदेश जारी।
- **आरंभ:** 9 सितंबर 2022 को।
- **उद्देश्य:**
    - शहरी बेरोजगारों को 125 दिन का रोजगार।

## राजस्थान में पूर्ववर्ती सरकार की योजनाओं के नाम परिवर्तन

- राजस्थान में नई सरकार के गठन के बाद से निम्नलिखित योजनाओं के नाम बदले गए है-

| पुराना नाम | नया नाम |
|---|---|
| इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना | मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना |
| मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा | मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना |
| इंदिरा रसोई योजना | अन्नपूर्णा रसोई योजना |
| मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना | पन्नाधाय बाल गोपाल योजना |
| राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना | स्वामी विवेकानंद स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना |
| राजीव गांधी जल स्वावलंबन योजना | मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना |
| 1. इंदिरा महिला शक्ति उड़ान योजना<br>2. इंदिरा महिला शक्ति जागरूकता शिक्षा कार्यक्रम<br>3. इंदिरा महिला एवं बाल विकास शोध संस्थान योजना | कालीबाई भील संबल योजना |
| मुख्यमंत्री 'राजश्री योजना' | 'लाडो प्रोत्साहन योजना' |
| 1. इंदिरा महिला शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना<br>2. इंदिरा महिला शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना | मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना। |
| 1. इंदिरा गाँधी महिला शक्ति सम्मान एवं प्रोत्साहन योजना<br>2. इंदिरा महिला शक्ति केन्द्र | पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना |
| मुख्यमंत्री चिरंजीवी जीवन रक्षक योजना | 'मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना' |
| इंदिरा गाँधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना | 'मुख्यमंत्री रसोई गैस सिलेण्डर सब्सिडी योजना' |
| मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना | मुख्यमत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना |

- इसके अलावा हर घर की मुखिया महिला को मोबाइल फोन देने हेतु शुरू की गई 'इंदिरा स्मार्ट फोन योजना' बंद कर दी गई।

## मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना

- **कार्यकारी विभाग:** निदेशालय महिला अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग, जयपुर।
- इसके तहत 10,000 महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
- इसमें 75,000 महिला/बालिकाओं को निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण (RS-CIT) दिया जा रहा है।
- इसके तहत RKCL (Rajasthan Knowledge Corporation Ltd.) (वर्ष 2008 में जयपुर मे स्थापित) के माध्यम से बालिकाओं और महिलाओं के लिए कंप्यूटर आधारित पाठ्यक्रमों का निःशुल्क प्रशिक्षण देने का प्रावधान है। जो निम्नलिखित है-
    - **RS-CIT** - आधारभूत कंप्यूटर प्रशिक्षण
    - **RS-CFA** - GST, Tally आधारित वित्तीय लेखांकन प्रशिक्षण
    - **RS-CSEP** - स्पोकन इंग्लिश एवं पर्सनैलिटी डेवलपमेंट प्रशिक्षण

## ऑपरेशन लाडली

- यह राजस्थान पुलिस की एक पहल है
- उद्देश्य: अबूझ सावे पर बाल विवाह रोकना।
- अभियान अवधि: 11-16 नवंबर 2024।
- **कार्यक्रम:**
  - जिला, उपखंड, ग्राम स्तर पर कार्यशालाएं।
  - बाल विवाह की सूचना पर तत्काल कार्रवाई।
- सभी जिला पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में यह ऑपरेशन चलाया गया।

## जैविक कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम

- **आयोजन:** दिसंबर 2024, गंगटोक (सिक्किम) में।
- **उद्देश्य:**
  - किसानों को जैविक खेती का प्रशिक्षण।
  - उनकी आय में वृद्धि।
- **आयोजक**: अखिल भारतीय गोशाला परिषद और भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ।
- **प्रथम चरण:** राजस्थान के 25 किसान शामिल किए गए।

## समग्र शिक्षा स्टेट प्रोजेक्ट

- यह प्रोजेक्ट राजस्थान सरकार और शिक्षण एवं सेवा संस्थान द्वारा संचालित किया जाएगा।
- निवेश: 40 करोड़।
- **लाभार्थी जिले:** बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, भीलवाड़ा, दौसा, टोंक, सवाई माधोपुर।
- **प्रावधान:**
  - सरकारी स्कूलों में LED और स्मार्ट क्लास।
  - ई-विद्या प्रशिक्षण।
  - बालिका विद्यालयों में सर्वाइकल कैंसर जागरूकता।

## 'राष्ट्रीय महिला आयोग- आपके द्वार' अभियान

- आयोजन: 26 नवंबर 2024, बीकानेर।
- उद्देश्य: महिलाओं के लंबित मामलों का समाधान।
- **भागीदारी:**
  - राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर।
  - सदस्य: ममता कुमारी, डॉ. अर्चना मजुमदार।

## 'नई किरण' अभियान

- यह एक नशा मुक्ति अभियान है।
- इसे राजस्थान के सरकारी महाविद्यालयों से शुरू किया जाएगा।
- **उद्देश्य:** युवा पीढ़ी को तंबाकू - और अन्य नशे से दूर रखने और नशा मुक्त समाज का निर्माण करना।
- विद्यार्थियों को नवंबर 2024 में प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- कॉलेजों में नई किरण- नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की जाएगी।

**कार्यक्रम:**
  - प्रत्येक जिले से 4 कॉलेजों का चयन।
  - 30 विद्यार्थियों को नशा मुक्ति प्रशिक्षण।
  - प्रशिक्षित विद्यार्थी 10 लोगों को नशा छुड़ाने में मदद करेंगे।

## राजस्थान खेल नीति 2024 का ड्राफ्ट तैयार

- घोषणा: राजस्थान बजट 2024-25।
- **उद्देश्य:**
  - युवा विकास में खेलों की भूमिका।
  - खेल प्रोत्साहन के लिए समुचित वातावरण।
- **समावेश:**
  - स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर।
  - साइंस, एनालिसिस, काउंसिलिंग, न्यूट्रीशन।
- राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष: डॉ. नीरज के. पवन।

## रास्ता खोलो अभियान

- यह जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में जयपुर जिला प्रशासन की पहल है।
- **उद्देश्य:**
  - किसानों के लिए गांव-ढाणी और खेतों की राह आसान करना।
  - अतिक्रमण हटाने और रास्ते खुलवाने हेतु कार्यवाही।
- **क्रियान्वयन:**
  - प्रत्येक शुक्रवार को राजस्व अधिकारियों, पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही होगी।
  - **नोडल अधिकारी:** अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम)।


## नवादि युगधारा प्रणेता समागम कार्यक्रम

- आयोजन: 15 नवंबर 2024 को बांसवाड़ा जिले में।
- यह भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती (जनजातीय गौरव दिवस) के अवसर पर पर को शुरू किया गया।
- इसके तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- **नोट:** 15 नवम्बर से 26 नवम्बर तक प्रदेश में जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

## देश का सबसे बड़ा चीता संरक्षण क्षेत्र

- राजस्थान और मध्य प्रदेश ने 29 नवंबर 2024 को चीता कॉरिडोर प्रोजेक्ट को मंजूरी दी।
- इस संदर्भ में दिसंबर 2024 में एमओयू किया जाएगा।
- **उद्देश्य:** केंद्र सरकार के चीता प्रोजेक्ट के तहत कूनो में बसाए गए चीतों का संरक्षण।
- नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी की 2023-24 वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार मध्य प्रदेश के श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क से राजस्थान के मुकंदरा टाइगर रिजर्व होते हुए मंदसौर की

गांधी सागर सेंचुरी तक भारत का सबसे बड़ा चीता संरक्षण क्षेत्र विकसित किया जाएगा।




- इसमें मध्य प्रदेश के 8, राजस्थान के 7 और यूपी के 2 जिलों के जंगल शामिल होंगे।

| | |
|---|---|
| राजस्थान के 7 जिले | बारां, करौली, कोटा, झालावाड़, बूंदी, चित्तौड़गढ़ और सवाई माधोपुर |
| मध्य प्रदेश के 8 जिले | श्योपुर शिवपुरी, ग्वालियर, मुरैना, गुना, अशोकनगर, मंदसौर और नीमच |
| उत्तर प्रदेश के 2 जिले | झांसी और ललितपुर |

## जोधपुर में भारतीय सेना की पहली अपाचे (Apache) स्क्वाड्रन

- तैनाती: नाग तालाब, जोधपुर में।
- इसमें कुल 6, 64E-अपाचे हेलीकॉप्टर तैनात किए जाएंगे।
- जोधपुर में अपाचे हेलीकॉप्टर के लिए मार्च 2024 में 451वीं स्क्वाड्रन स्थापित की गई थी।
- आर्मी पहली बार अपाचे हेलीकॉप्टर का संचालन करेगी।
- अपाचे दुनिया का सबसे उन्नत मल्टीरोल लड़ाकू हेलीकॉप्टर है।
- **अपाचे की आपूर्ति:**
    - दिसंबर 2024 और जनवरी 2025 में 3-3 हेलीकॉप्टर (अमरीकी कंपनी बोइंग द्वारा)।

## 'सखी महिला स्वच्छता गृह' (पिंक बस) शुरू करने वाला राजस्थान का पहला शहर

- बीकानेर में 'सखी महिला स्वच्छता गृह' (पिंक बस) 26 नवंबर 2024 को शुरू की गई।
- इसके तहत महिलाओं के लिए बस के माध्यम से टॉयलेट, सेनेटरी पैड जैसी कई सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।
- बीकानेर में कुल 4 'सखी महिला स्वच्छता गृह' (पिंक बस) स्थापित की जाएगी।
- इन बसों को शहर के विभिन्न भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में खड़ा किया जाएगा।

## राजस्थान की दूसरी लॉयन सफारी

- सज्जनगढ़ अभयारण्य, उदयपुर में शुरू होगी।
- **पहली लॉयन सफारी** जयपुर में शुरू हुई थी।
- **लागत:** ₹ 3.45 करोड़।
- सरीसृप प्राणियों का संरक्षण हेतु सज्जनगढ़ जैविक उद्यान में रेप्टाइल हाउस बनेगा।

## राजस्थान का पहला मैकेनाइज्ड कचरा ट्रांसफर स्टेशन

- झालाना डूंगरी, जयपुर में 25 नवंबर 2024 को शुरू हुआ।
- इस हेतु कन्वेयर बेल्ट और मशीन टू मशीन कलेक्शन तकनीक का उपयोग किया गया।
- **लागत:** ₹ 4.21 करोड़
- **क्षमता:** 100 टन प्रतिदिन कचरा प्रोसेस करना।
- **प्रक्रिया:**
    - कचरे की छंटाई, कॉम्पेक्शन।
    - 6 कैप्सूलनुमा कंटेनरों से कचरा प्रोसेसिंग साइट पर भेजा जाएगा।

## राजस्थान में वाइल्डलाइफ फोरेंसिक डीएनए जांच यूनिट स्थापित होगी

- वन्यजीवों से जुड़े अपराधों जाँच हेतु वाइल्डलाइफ फोरेंसिक डीएनए यूनिट **जयपुर में** स्थापित होगी।
- यह स्टेट FSL के सुपरविजन में उत्तर भारत की पहली हाईटेक यूनिट होगी।
- इसके लिए 14 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है।

## सलूंबर - घाटोल गोल्ड फील्ड देश का सबसे बड़ा स्वर्ण खनन केंद्र बनेगा

- SGF (सलूंबर - घाटोल गोल्ड फील्ड) एरिया सलूंबर से बांसवाड़ा जिले के घाटोल कस्बे तक चिह्नित है।
- इस एरिया को SGF नाम डॉ. वासुदेव ने दिया है। यह 1270 वर्ग किमी में फैला है।
- यहाँ खनन शुरू होने के बाद देश का सबसे बड़ा स्वर्ण खनन केंद्र बनेगा।
- SGF का प्रारंभिक भंडार: 1000 टन सोना।
- अनुमानित उत्पादन: 25 टन सालाना।
- **राजस्थान की पहली स्वर्ण खदान:** जगपुरा-भूकिया (घाटोल, बांसवाड़ा)।
- राजस्थान: स्वर्ण खनन करने वाला देश का चौथा राज्य।

## "बनफूल जनजाति डिजाइन स्टूडियो"

- **लोकार्पण:** माणिक्य लाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, **उदयपुर में।**
- **उद्देश्य:** जनजातीय कला का संरक्षण और व्यावसायिक मंच प्रदान करना।
- यह स्टूडियो पारंपरिक जनजातीय कला और डिजाइन को मंच प्रदान करता है।
- यह राज्य के जनजातीय कलाकारों को अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर देगा जिससे उनकी कला को व्यावसायिक मंच प्रदान करेगा।
- जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री: श्री बाबूलाल खराड़ी।

## जैसलमेर में रोबोटिक डॉग्स का सफल परीक्षण

- रोबोटिक डॉग को रोबोटिक मल्टी-यूटिलिटी लेग्ड इक्विपमेंट (MULE) भी कहा जाता है।
- **परीक्षण:** पोकरण फायरिंग रेंज।
- **विशेषताएँ:**
  - बर्फ, रेगिस्तान, ऊबड़-खाबड़ जमीन, पहाड़ और पानी की गहराई तक जाकर काम करने में सक्षम।
  - थर्मल कैमरों और रडार से लैस।
  - दुश्मन के ठिकानों पर गोलीबारी करने में सक्षम।
  - दुश्मन की खोज, हथियार ले जाना, विषम परिस्थितियों में सहायता।
  - रेंज: 1 मीटर से 10 किमी।
  - 1 घंटे चार्जिंग के बाद 10 घंटे लगातार काम करने में सक्षम।

## अजमेर जिले के फॉयसागर का नाम वरूण सागर किया जाएगा

- **उद्देश्य**: अजमेर के विकास में प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं देशी नायकों को जोड़ना।
- अजमेर के प्राचीन इतिहास से रूबरू कराने के लिए निम्नलिखित नाम परिवर्तित किए गए है-
  - फॉयसागर नाम बदल कर भारतीय शास्त्रों में वर्णित वरूण देवता के नाम पर किया जाएगा।
  - किंग एडवर्ड मेमोरियल (KEM) का नाम बदलकर महान भारतीय संत महर्षि दयानन्द सरस्वती के नाम पर महर्षि दयानन्द मेमोरियल किया जाएगा।
  - होटल खादिम का नाम बदल कर होटल अजयमेरू किया जाएगा।

## राजस्थान का सबसे बड़ा मंदिर

- **स्थान**: हरे कृष्णा मार्ग, जगतपुरा, जयपुर।
- **निर्माणकर्ता:** हरे कृष्णा मूवमेंट, जयपुर।
- **निर्माण अवधि:** 2027 तक (जयपुर स्थापना की 300वीं वर्षगांठ पर)।
- **आर्किटेक्ट**: मधु पंडित दास।
- **विशेषताएँ:**
  - क्षेत्रफल: 6 एकड़।
  - लागत: ₹ 300 करोड़।
  - 17 मंजिला मंदिर।
  - राजस्थानी आर्किटेक्चर में छतरियाँ।
  - इसमें कृष्ण-बलराम, राधा-श्यामसुंदर और गौरा-निताई की मूर्तियाँ लगाई जाएगी।

## भारतीय ज्ञान परंपरा शोध केन्द्र

- राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में स्थापित किया गया।
- **उद्देश्य:**
  - भारतीय ज्ञान एवं परंपरा को प्रोत्साहित करना।
  - प्राचीन भारत से जुड़ी जानकारी को पाठ्यक्रम में शामिल करना।
- इससे विद्यार्थी भारतीय परंपराओं और शोध केंद्र की सुविधाओं से लाभान्वित होंगे।
- राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर की कुलपति: प्रो. अल्पना कटेजा।

## मदन पालीवाल मिराज स्पोर्ट्स सेंटर (MPMSC)

- यह सेंटर नाथद्वारा में बनेगा।
- **क्षमता:** 30,000 दर्शक।
- **सहयोग** : मिराज ग्रुप और स्पोर्टस्फीयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड।
- उद्देश्य: खिलाड़ियों और कोचों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में तैयार करना।
- मिराज ग्रुप के अध्यक्ष: मदन पालीवाल।

## बीकानेर में बालिका सैन्य अकादमी स्थापित होगी

- स्थान: राजस्थान के बीकानेर जिले के जयमल सर गांव में
- यह सैन्य अकादमी श्रीराम नारायण राठी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्थापित की जाएगी।
- इस हेतु ट्रस्ट द्वारा 100 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।
- सहमति पत्र: 20 नवंबर 2024 को श्रीराम नारायण चैरिटेबल ट्रस्ट और शिक्षा विभाग के बीच।

## जयपुर में संविधान दीर्घा का लोकार्पण

- **लोकार्पण:** 26 नवंबर 2024 (संविधान दिवस) को।
- राजस्थान विधानसभा, डिजिटल म्यूजियम, जयपुर में बनाई गई है।
- **उद्देश्य:** युवाओं में संविधान और सांस्कृतिक नैतिकता के प्रति जागरूकता।
- मूल संविधान के 22 भागों की कलाकृतियाँ प्रदर्शित।
- विधानसभा अध्यक्ष: वासुदेव देवनानी।

## खिल्लीराम मीना: मिजोरम के मुख्य सचिव

- यह राजस्थान मूल के वरिष्ठ IAS अधिकारी है।
- इन्हें हाल ही में मिजोरम के मुख्य सचिव नियुक्त किया गया।
- **मूल स्थान:** निठार गांव, भुसावर तहसील, भरतपुर।
- वर्ष 2024 में ही राजस्थान के शिवदास मीना (टोंक) तमिलनाडु के मुख्य सचिव नियुक्त किए गए।
- अगस्त 2024 में राजस्थान के अमृत लाल मीना (करौली) को बिहार का मुख्य सचिव बनाया गया।

## डॉ. अमित मेहरड़ा

- राजस्थान के डॉ. अमित मेहरड़ा सऊदी अरब में वर्ल्ड इन्वेस्टमेंट कॉन्फ्रेंस में भारतीय उपमहाद्वीप का प्रतिनिधित्व करेंगे।
- यह कॉन्फ्रेंस में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, सस्टेनेबल ग्रोथ और इन्वेस्टमेंट पर आधारित होगी।
- डॉ. मेहरड़ा स्टार्टअप्स और इनोवेशन से जुड़े विशेष सेशन को संबोधित करेंगे।

## तेजस्वी गहलोत

- 38वें राष्ट्रीय खेल 2025 (उत्तराखंड) प्रोटोकॉल कमेटी सदस्य बने है।
- **वर्तमान पद:** अध्यक्ष, राजस्थान कबड्डी संघ।
- प्रोटोकॉल कमेटी चेयरमैन: विट्ठल शिरगांवकर।
- IOA अध्यक्ष: पी.टी. उषा।
- **38वें राष्ट्रीय खेल 2025**
    - 7-14 फरवरी 2025 को।
    - उत्तराखंड में

## नीरज चौधरी: ग्रीनलैंड पार करने वाले पहले भारतीय

- ग्रीनलैंड की आइस शीट (600 किमी) 29 दिन में पार की।
- प्रोजेक्ट: 'प्रोजेक्ट साहस'।
- वर्तमान पद: एक्जीक्यूटिव इंजीनियर, जल संसाधन विभाग, राजस्थान।
- आइसलैंड एक्सप्लोरर्स (नॉर्वे) के अनुसार नीरज ग्रीनलैंड के पश्चिमी से पूर्वी तट को स्कीइंग के माध्यम से बिना किसी सहायता के पहुंचने वाले पहले भारतीय हैं।

## राजस्थान को पर्यटन के क्षेत्र में 2 पुरस्कार

- **पुरस्कार:**
    - 'फेवरेट लीज़र डेस्टिनेशन इन इंडिया': रनरअप - उदयपुर।
    - 'फेवरेट इंडियन स्टेट फॉर रोड ट्रिप्स': राजस्थान।
- आयोजन: कॉन्डे नेस्ट ट्रैवलर रीडर्स ट्रैवल अवार्ड्स।
- सर्वाधिक पर्यटक वाले जिले (जनवरी से सितंबर 2024):

| देसी पर्यटक | विदेशी पर्यटक |
|---|---|
| 1. जयपुर (88.70 लाख) | 1. जयपुर (4.13 लाख) |
| 2. उदयपुर (61.61 लाख) | 2. उदयपुर (3.29 लाख) |
| 3. जोधपुर (17.87 लाख) | 3. जोधपुर (1.34 लाख) |

## राजस्थान कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन (RCDF) को दो पुरस्कार

- केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय दुग्ध दिवस (26 नवंबर 2024), नई दिल्ली में दिए गए।
- **पुरस्कार:**
    1. श्रेष्ठ डेयरी सहकारी समिति अवॉर्ड: प्रतापपुरा दुग्ध उत्पादक समिति (भीलवाड़ा दुग्ध संघ)।
    2. बेस्ट एआई टेक्नीशियन अवॉर्ड: राजेन्द्र कुमार और वीरेंद्र कुमार सैनी (हनुमानगढ़)।
- पुरस्कार: ₹3 लाख नकद और प्रशस्ति पत्र।
- नोट: हाल ही में भीलवाड़ा की माया देवी और RCDF एमडी श्रुति भारद्वाज को कार्बन क्रेडिट की पहली किस्त दी गई।

## प्रियदर्शिनी मिश्रा को उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार

- यह पुरस्कार राजस्थान की युवा रंगकर्मी प्रियदर्शिनी मिश्रा को नाट्य लेखन के क्षेत्र में दिया गया।
- यह सम्मानकेन्द्रीय संगीत नाटक अकादमी द्वारा दिया गया।
- प्रियदर्शिनी मिश्रा नाटकों में लेखन और अभिनय करती है।

## भानु भारती को कालिदास सम्मान 2022

- राजस्थान के भानु भारती नाट्य रंगकर्म हेतु सम्मानित।
- 66वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह: 12 नवंबर 2024 को उज्जैन (मध्य प्रदेश) में।
- इसमें वर्ष 2022 और 2023 के कालिदास सम्मान से 8 विशिष्टजन को सम्मानित किया गया।

## राष्ट्रीय कालिदास सम्मान अलंकरण

| श्रेणी | वर्ष 2022 | वर्ष 2023 |
|---|---|---|
| शास्त्रीय गायन | पं. उदय भावलकर पुणे | पं. अरविंद पारेख मुंबई |
| शास्त्रीय नृत्य | डॉ. संध्या पुरेचा मुंबई | गुरु कलावती देवी मणिपुर |
| कला और शिल्प | पीआर दारोच दिल्ली | रघुपति भट्ट मैसूर |
| नाट्य | भानु भारती राजस्थान | रुद्रप्रसाद सेन गुप्ता कोलकाता |

## 7वाँ राजा रवि वर्मा चित्रकार सम्मान

- राजस्थान के जयप्रकाश लखीवाल (मिनिएचर आर्ट) को सम्मान।
- जयप्रकाश लखीवाल:
    - 32 वर्षों में मिनिएचर पेंटिंग की विभिन्न शैलियां सीखीं।
    - वर्ष 2019 में पद्मश्री से सम्मानित।

## ग्लोबल रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म अवॉर्ड

- राजस्थान स्टूडियो को।
- **संस्था:** इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म (ICRT) द्वारा।

**राजस्थान स्टूडियो:**

- प्रारंभ में यह केवल 3 शहरों जयपुर, जोधपुर और उदयपुर में था। वर्तमान में बीकानेर, पुष्कर, जैसलमेर और रणथंभौर में भी शुरू हो गया है।
- **कार्य**
    - कलात्मक धरोहर संरक्षण और प्रोत्साहन।
    - स्थानीय कारीगरों को सशक्त बनाना।
    - कलाकारों से ट्रेवलर्स को सीधे जुड़ने का अवसर।

## राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024

- भागीदारी: 32 देश, 17 कंट्री पार्टनर।

**सत्र:**

1. उद्घाटन सत्र।
2. प्रवासी राजस्थानियों हेतु।
3. MSMEs के लिए।

- इसके अलावा 12 थीम बेस्ड और 6 कंट्री सेशन भी आयोजित होंगे।
- अब तक 18 लाख करोड़ के हुए एमओयू हो चुके है।
- सर्वाधिक एमओयू वाला देश: यूएई (03 लाख करोड़ रुपये)।
- **सर्वाधिक एमओयू वाला क्षेत्र:** ऊर्जा क्षेत्र (70% निवेश)
- **आयोजन:** 9-11 दिसंबर 2024, जयपुर।
- **उद्घाटन:** 9 दिसंबर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।
- **थीम:** "REPLETE, RESPONSIBLE, READY"।
- **लक्ष्य:**
    - राजस्थान को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना।
    - 'विकसित राजस्थान' कार्य योजना को बढ़ावा।
- **नोडल विभाग:** ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन (BIP)।
- **सहयोगी विभाग:**
    - उद्योग एवं वाणिज्य विभाग।
    - राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन (RIICO)।
- **पार्टनर:**
    - समिट पार्टनर: फिक्की।
    - इंडस्ट्री पार्टनर: CII।
    - नॉलेज पार्टनर: PwC इंडिया।

| | |
|---|---|
| **राइजिंग राजस्थान ऊर्जा विभाग की प्री-समिट** | • **आयोजन:** 20 नवंबर 2024, जयपुर।<br>• **थीम:** 'Empowering Rajasthan: Unlocking the State's Energy Potential'।<br>• **निवेश:**<br>○ ₹6.57 लाख करोड़ के एमओयू।<br>○ परियोजनाएँ: सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, पंप स्टोरेज, बैटरी स्टोरेज, जैव ऊर्जा, हरित अमोनिया।<br>• **नई नीति:** इंटीग्रेटेड क्लीन एनर्जी पॉलिसी 2024।<br>○ प्रोत्साहन: पंप भंडारण, हरित हाइड्रोजन, नवीकरणीय ऊर्जा।<br>• **ऊर्जा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार):** श्री हीरालाल नागर |
| **राइजिंग राजस्थान एजुकेशन प्री-समिट** | • आयोजन: 6 नवंबर 2024, जयपुर।<br>• आयोजक: उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं उद्यमिता, खेल और युवा मामलात विभाग।<br>• मुख्य अतिथि: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा।<br>• विषय: "नई शिक्षा नीति: शिक्षा के क्षेत्र में भविष्य की नई संभावनाएं (कौशल एवं डिजिटल तकनीक)"। |
| **राइजिंग राजस्थान माइंस एवं पेट्रोलियम इन्वेस्टर्स प्री समिट** | • आयोजन: 8 नवंबर 2024, जयपुर।<br>• मुख्य अतिथि: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा।<br>• थीम: "Mineral Wealth as the Prime Mover of Rajasthan's Economy"। |
| **राइजिंग राजस्थान आईटी एवं स्टार्टअप प्री-समिट** | • आयोजन: 12 नवंबर 2024, जयपुर।<br>• आयोजक: सूचना प्रौद्योगिकी व संचार विभाग, विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग, भारतीय उद्योग परिसंघ।<br>• उद्देश्य: स्टार्टअप ईकोसिस्टम को मजबूत करना।<br>• डिजिटल राजस्थान यात्रा वेबसाइट लॉन्च की गई तथा डिजिटल राजस्थान यात्रा शुरू की गई।<br>**डिजिटल राजस्थान यात्रा**<br>• लॉन्च: 12 नवंबर 2024।<br>• यह यात्रा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और आईस्टार्ट के सहयोग से इंक 42 की पहल है। |

| | |
|---|---|
| | • **उद्देश्य:** डिजिटल राजस्थान की छवि प्रस्तुत करना।<br>• यह यात्रा जयपुर, अजमेर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, बीकानेर और भरतपुर से गुजरेगी। |
| **राइजिंग राजस्थान हेल्थ प्री-समिट** | • **आयोजन:** 14 नवंबर 2024, जयपुर।<br>• **थीम**: 'इन्वेस्ट इन हैल्थ, इनोवेट फॉर हॉलिस्टिक फ्यूचर'।<br>• **संबंधित विभाग:** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग।<br>• **मंत्री:** श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर। |

## कालिका पेट्रोलिंग टीम

- उद्देश्य: महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा।
- स्कूल, कॉलेज, बाजार, धार्मिक स्थल, मॉल, बसें, पार्क जैसे संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा और छेड़छाड़ रोकथाम करना।
- पहले चरण में 216 पेट्रोलिंग टीम तैनात की गई।
- घोषणा: बजट में 500 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट।

## राजस्थान में अल्ट्रा मेगा सोलर पावर पार्क विकसित होंगे

- निवेश: 6,000 करोड़ (आरएमसी स्विच गियर और राजस्थान सरकार)
- **लक्ष्य:**
  - 1,000 मेगावाट सोलर ऊर्जा उत्पादन।
  - स्टोरेज सुविधा।
  - परियोजना पूर्णता: 2026

## वायुसेना में रोबाटिक्स का विकास IIT जोधपुर द्वारा किया जाएगा

- प्रयोजन: लड़ाकू विमानों के रखरखाव, मरम्मत और नवीनीकरण का ऑटोमेशन।
- विकासकर्ता: IIT जोधपुर।
- **उपयोग:**
  - ऑपरेटिंग लेवल पर रोबोटिक्स का प्रयोग।
  - ईंधन भरने और टॉइंग में रोबोटिक्स।
  - विमान निरीक्षण हेतु बॉल रोबोट और स्नैक रोबोट।

## पिनाका गाइडेड मिसाइल का सफल परीक्षण

- **परीक्षण:** 15 नवंबर 2024 पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज, जैसलमेर में।
- **निर्माण:** इसे DRDO के पुणे स्थित आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (ARDE) द्वारा विकसित किया गया है।
- इस परीक्षण में पिनाका गाइडेड मिसाइल की रेंज 37 किमी से बढ़ाकर 45 किमी की गई।
- पिनाका में 44 सेकंड में 12 रॉकेट दागने की क्षमता है।
- **नामकरण:** भगवान शिव के धनुष "पिनाक" पर आधारित।

## राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान, बीकानेर द्वारा स्वदेशी घोड़ों के नस्ल हेतु डीएनए चिप विकसित

- राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र, बीकानेर ने राष्ट्रीय पशु संसाधन ब्यूरो करनाल के सहयोग से देश की पहली स्वदेशी घोड़ों की DNA बेस्ड एक्सिओ अश्व एसएनपी चिप विकसित की है।
- इससे स्वदेशी नस्ल के घोड़ों के बारे में ज्यादा गहनता से अध्ययन किया जा सकेगा।
- इससे घोड़ों की नस्लों का वर्गीकरण के साथ उनके उत्पादन एवं अन्य विशेषताओं की जानकारी मिल सकेगी।

## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग और UNFPA एमओयू

- तिथि: 12 नवंबर 2024।
- **उद्देश्य:**
  - किशोर-किशोरियों का सशक्तिकरण।
  - समावेशिता और सतत् विकास को बढ़ावा।
- **प्रावधान:**
  - आवासीय और विशेष विद्यालयों के शिक्षकों और अधीक्षकों को निःशुल्क प्रशिक्षण।
  - कौशल और स्वास्थ्य संबंधित जानकारी।
  - तकनीकी सहायता इकाई की स्थापना।

## रिन्युएबल एनर्जी में निवेश हेतु दत्ता इंफ्रा से एमओयू

- रिन्युएबल एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर में दत्ता पावर इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड व राज्य सरकार में एमओयू।
- इस एमओयू के तहत पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा का उत्पादन, नई तकनीक को बढ़ावा और पर्यावरण संरक्षण हेतु 5,000 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा
- इसके तहत कंपनी बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, नागौर, प्रतापगढ़ और जोधपुर जिले में सौर, पवन और हाइब्रिड बिजली परियोजनाएं स्थापित करेगी।

## राष्ट्रीय महापौर एवं अध्यक्ष सम्मेलन

- **आयोजन**: 26 नवंबर 2024, नई दिल्ली।
- **आयोजक:** 16वां वित्त आयोग।
- **उद्देश्य:** शहरी स्थानीय शासन को सशक्त बनाना।
- इसमें 100+ महापौर ने भाग लिया।

## देश के सभी राज्यों के महिला एवं बाल विकास विभागों का राष्ट्रीय चिंतन शिविर 2025

- **आयोजन:** उदयपुर (राजस्थान) में।
- इस शिविर में आंगनबाड़ी केंद्रों, पोषाहार तथा महिला एवं बाल विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा और रोडमैप तैयार किया जाएगा।

## 55वीं GST काउंसिल बैठक

- **आयोजन:** 20-21 दिसंबर, जैसलमेर में।
- अध्यक्षता: निर्मला सीतारमण।
- **शामिल प्रतिभागी:**
    - सभी राज्यों के वित्त मंत्री।
    - GST काउंसिल स्टेट हेड।

## राष्ट्रीय सहकार सप्ताह के राज्यस्तरीय कार्यक्रम

- राज्य स्तरीय कार्यक्रम: 19 नवंबर 2024।
- **राज्य थीम**: ''महिलाओं, युवाओं और कमजोर वर्गों के लिये सहकारिता''।
- **राष्ट्रीय थीम:** ''विकसित भारत के निर्माण में सहकारी समितियों की भूमिका''।
- **उपलब्धियां:**
    - गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना: ₹1 लाख तक ब्याज मुक्त ऋण।
    - कृषि ऋण: 7% ब्याज अनुदान।
    - अकृषि ऋण: 5% ब्याज अनुदान।
    - महिला ग्राम सेवा सहकारी समिति: प्रत्येक पंचायत समिति में गठन।
- मंत्री: श्री गौतम कुमार दक।

## कुम्भलगढ़ उत्सव

- आयोजन: 01-03 दिसम्बर 2024 को।
- स्थान:  कुम्भलगढ़ दुर्ग, राजसमन्द
- आयोजनकर्ता: पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन, राजसमन्द

## आदि महोत्सव

- आयोजन: 29 नवंबर - 8 दिसंबर, 2024 को।
- स्थान: जवाहर कला केंद्र, जयपुर
- आयोजनकर्ता: जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, ट्राइफेड और नगर निगम ग्रेटर के संयुक्त तत्वावधान में।
- इसमें देश भर से जनजातीय कारीगरों के हथकरघा एवं हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।
- इसमें विभिन्न पीवीटीजी द्वारा उत्पादित वन उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे।

## राष्ट्र-मंडल संसदीय संघ का 67वाँ सम्मेलन

- आयोजन: 5-8 नवंबर 2024, सिडनी, ऑस्ट्रेलिया।
- प्रतिनिधित्व: राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी।
- विषय: लोकतांत्रिक मूल्यों के सुदृढ़ीकरण पर चर्चा।

## 17वाँ जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (JIFF)

- **आयोजन:** 17 जनवरी 2025, जयपुर।
- **थीम:** "विश्व सिनेमा के लिए सिनेमैटिक ओलंपिक"।

## मत्स्य उत्सव

- **आयोजन:** 25-27 नवंबर 2024
- **स्थान**: अलवर।
- **उद्देश्य:** स्थानीय कला, संस्कृति, लोक संगीत और नृत्य को प्रोत्साहन।
- **आयोजक:** पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन।

## जल उत्सव

- आयोजन: 6-20 नवंबर 2024, नीति आयोग द्वारा।
- उद्देश्य: जल प्रबंधन और संरक्षण पर जागरूकता।
- **चयनित स्थान:**
    - देश के 20 राज्यों के 20 ब्लॉक चयनित।
    - राजस्थान से **हनुमानगढ़ (संगरिया ब्लॉक) में** इसका शुभारंभ 7 नवंबर 2024 को किया गया।

## आयुर्वेद कुंभ "संयोजनम्-2024"

- आयोजन: 16-18 नवंबर 2024 को जयपुर में।
- आयोजनकर्ता: राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (जयपुर), आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर और विश्व आयुर्वेद परिषद के संयुक्त तत्वावधान में।
- इसमें देशभर से आयुर्वेद के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों और आयुर्वेद के माध्यम से असाध्य रोगों के इलाज हेतु नए शोध प्रस्तुत किए गए।
- राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति: प्रो.संजीव शर्मा
- नोट: राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (जयपुर) ने हाल ही में NCICSM रैंकिंग (आयुर्वेद संस्थानों की रैंकिंग) में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

## जयपुर का 297वां स्थापना दिवस

- स्थापना: 18 नवंबर 1727, सवाई जयसिंह द्वितीय।
- वास्तु नियोजन: विद्याधर भट्टाचार्य।
- **महत्वपूर्ण तथ्य:**
    - देश का पहला वास्तुशास्त्र आधारित शहर।
    - युनेस्को विश्वधरोहर में शामिल।
    - **"पिंक सिटी" नाम:** प्रिंस अल्बर्ट द्वारा
    - **प्रमुख स्थल:** हवा महल, आमेर किला, जल महल, जंतर मंतर।
    - **दुनिया का पहला कल्कि मंदिर:** सिरहड्योढ़ी बाजार (जयपुर)

## फ्रेंच अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस

- आयोजन: 18-20 नवंबर 2024, जयपुर।
- **आयोजक:**
    - राजस्थान विश्वविद्यालय का यूरोपीयन भाषा विभाग।
    - भारतीय फ्रेंच शिक्षक संघ।
- **विषय:** "टीचिंग ऑफ फ्रेंच लैंग्वेज: ट्रेडिशन, ट्रांजिशन, अडाप्टेशन"।
- **उद्देश्य:**
    - फ्रेंच भाषा, साहित्य, संस्कृति और AI पर विचार-विमर्श।
    - शैक्षणिक दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान।

## अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेला

- आयोजन: 9-15 नवंबर 2024 तक पुष्कर (अजमेर) में।
- **विशेषता:**
  - स्थानीय और विदेशी पर्यटकों के लिए सांस्कृतिक महत्ता।
  - पहली बार कैमल रैली (ऊंट संवर्धन और संरक्षण)।
- अन्य नाम: पुष्कर ऊंट मेला या कार्तिक मेला।

## चंद्रभागा मेला

- **आयोजन:** 14-16 नवंबर 2024, झालरापाटन।
- इस दौरान चंद्रभागा नदी में कार्तिक पूर्णिमा के दिन हजारों श्रद्धालु डुबकी लगाते हैं।
- इसमें कार्तिक के अंतिम दिन एक बड़ा पशु मेला भी लगता है।
- **नोट:** बड़ी संख्या में मंदिर होने के कारण झालरापटन 'घंटियों का शहर' कहा जाता है।

## 43वाँ इंडिया इंटरनेशनल व्यापार मेला-2024

- **आयोजन**: 14-27 नवंबर 2024, प्रगति मैदान, नई दिल्ली।
- **थीम:** विकसित भारत @2047
- राजस्थान लघु उद्योग निगम लिमिटेड द्वारा राजस्थान मंडपम स्थापित किया गया।

## राजस्थान ईएफ पॉलीमर फोर्ब्स इंडिया के एशिया पैसिफिक क्षेत्र के सबसे इनोवेटिव टेक स्टार्टअप्स में शामिल

- फोर्ब्स इंडिया द्वारा एशिया पैसिफिक क्षेत्र के सबसे इनोवेटिव टेक स्टार्टअप्स में शामिल।
- फोर्ब्स इंडिया के कवर पेज पर स्थान दिया गया।
- यह स्टार्टअप अपने जैविक उत्पाद 'फसल अमृत' के जरिए किसानों को कम पानी में बेहतर फसल उत्पादन का स्थायी समाधान उपलब्ध कराता है।

**'फसल अमृत'**

- ऑर्गेनिक सुपर एब्जॉर्बेंट पॉलिमर है।
- यह फलों के छिलकों से तैयार होता है।
- यह मिट्टी में पानी और पोषक तत्वों को लंबे समय तक बनाए रखता है।
- इसमें 40% कम पानी में सिंचाई संभव होती है, 20% कम उर्वरक की जरूरत पड़ती है।
- इससे उत्पादन 15% तक अधिक होता है।
- यह उत्पाद न केवल पानी की कमी वाले इलाकों में, बल्कि अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में भी कारगर है।

## KSOS एप

- पूरा नाम: कोटा सेफ्टी ऑफ स्टूडेंट।
- विकसित: कोटा पुलिस।
- **उद्देश्य:**
  - सुसाइड, साइबर अपराध, अन्य अपराधों की रोकथाम।
  - पैनिक बटन सुविधा (आपातकालीन सहायता)।
  - गोपनीय जानकारी।
- इसे पुलिस अभय कमांड सेंटर से भी जोड़ दिया गया है।

## जयपुर डिस्कॉम में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सर्वाधिक सोलर पैनल

- राजस्थान में 16,572 सोलर पैनल स्थापित। (12 नवंबर 2024 तक)।
- सर्वाधिक सोलर पैनल:
  1. जयपुर डिस्कॉम (6,217)।
  2. अजमेर डिस्कॉम (5,479)।
  3. जोधपुर डिस्कॉम (4,876)।

**पीएम- सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना**

- स्वीकृत राशि: 75,021 करोड़ रुपये
- शुरुआत: 13 फरवरी, 2024 को।
- छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करने और 1 करोड़ घरों के लिए प्रतिमाह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का प्रावधान।
- केंद्र सरकार 2 किलोवाट सिस्टम स्थापित करने की लागत का 60% और 2-3 किलोवाट क्षमता वाले सिस्टम की लागत का 40% पैसा वहन करेगी।
- इसके तहत केंद्र सरकार द्वारा निम्नलिखित सब्सिडी दी जाएगी–
  1. 1 किलोवाट क्षमता वाली सिस्टम के लिए 30,000 रुपये
  2. 2 किलोवाट क्षमता वाली प्रणाली के लिए 60,000 रुपये
  3. 3 किलोवाट या उससे अधिक वाली प्रणाली के लिए 78,000 रुपये।

## राजस्थान का सीमेंट उत्पादन में देश में दूसरा स्थान

- देश में सीमेंट उत्पादन में आंध्र प्रदेश के बाद राजस्थान दूसरे स्थान पर है।
- राजस्थान में की पहली सीमेंट फैक्ट्री 1915 में बूंदी जिले के लाखेरी में स्थापित हुई थी।
- वर्तमान में राजस्थान में सीमेंट फैक्ट्रियों की संख्या 24 है।
- इनमें सालाना 74 मिलियन टन सीमेंट तैयार हो रहा है।

## आयकर रिटर्न भरने में महिलाओं की स्थिति

- आयकर रिटर्न दाखिल करने में महाराष्ट्र की महिलाओं ने देश में प्रथम स्थान हासिल किया है।

- **2023-24 शीर्ष 3 राज्य:**
  1. महाराष्ट्र: 36.83 लाख।
  2. गुजरात: 22.50 लाख।
  3. उत्तर प्रदेश: 20.43 लाख।
- राजस्थान: 6वां स्थान (13.52 लाख)।

### विशेष राष्ट्रीय लोक अदालत: केस निपटाने की रैंकिंग

- पहला स्थान: उत्तर प्रदेश (4.11 करोड़ केस)।
- दूसरा स्थान: राजस्थान (1.90 करोड़ केस)।
- तीसरा स्थान: तेलंगाना (1.77 करोड़ केस)।
- स्थायी लोक अदालत: हरियाणा पहले स्थान पर।
- नोट: लोक अदालतों के आयोजन के लिए केंद्र सरकार द्वारा नालसा (NALSA) को अनुदान दिया जाता है।

### मेजर मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी: राजस्थान शीर्ष पर

- पहला स्थान: राजस्थान (86 ब्लॉक)।
- 2024 (अक्टूबर तक): 32 ब्लॉक का सफल ऑक्शन।
- **शीर्ष 5 राज्य:**
  1. राजस्थान (86)
  2. मध्यप्रदेश (75)
  3. ओडिशा (48)
  4. कर्नाटक (45)
  5. महाराष्ट्र (40)
- सर्वाधिक मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी: लाइमस्टोन (22 ब्लॉक)।
- नोट: केंद्र सरकार ने 14 क्रिटिकल मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी शुरू की।

### वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप

- स्थान: कोलोराडो, अमेरिका।
- उपलब्धि: राजस्थान की पार्थवी ग्रेवाल को अंडर-19 वर्ग में स्वर्ण पदक।
- फाइनल: पोलैंड की बॉक्सर को 5-0 से हराया।
- संबंधित संघ: राजस्थान बॉक्सिंग संघ (अध्यक्ष: धीरेन्द्र सिंह)।

**सात्विक अग्रवाल**

- टूर्नामेंट: सब जूनियर अंडर-13 नेशनल रैंकिंग बैडमिंटन।
- स्थान: डिब्रूगढ़, असम।
- **उपलब्धि:**सात्विक अग्रवाल राजस्थान के पहले खिलाड़ी हैं जिन्होंने स्वर्ण पदक जीता।

### वॉलीबॉल में राजस्थान ने कांस्य पदक जीता

- राष्ट्रीय विद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता (17 वर्ष) में राजस्थान ने छात्रा वर्ग में झारखंड को 3- 0 से हराकर कांस्य पदक जीता।
- राष्ट्रीय विद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता (17 वर्ष) का आयोजन: बरेली (उत्तरप्रदेश) में।

### बैडमिंटन: अंडर-15 और अंडर-17 नेशनल चैम्पियनशिप

- **आयोजन:** जयपुर (राजस्थान)।
- राजस्थान की पारूल चौधरी ने 12 नवंबर 2024 को अंडर-17 नेशनल रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता में बालिका एकल खिताब जीता।
- अंडर-17 लड़को के युगल में राजस्थान के जंगजीत सिंह काजला और अर्नव शर्मा की शीर्ष वरियता प्राप्त जोड़ी उपविजेता रही।

### वर्ल्ड यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप शूटिंग (FISU)

- **आयोजन:** नई दिल्ली में।
- इसमें राजस्थान की माननी कौशिक ने 2 पदक जीते-
  - स्वर्ण पदक: 10 मीटर एयर राइफल (नया FISU विश्व रिकॉर्ड)।
  - रजत पदक: 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन।

### धृति शर्मा ने आर्चरी कांस्य पदक जीता

- राजस्थान की धृति शर्मा ने गुजरात के नडियाद में आयोजित 68वें नेशनल स्कूल गेम्स में आर्चरी इवेंट में कांस्य पदक जीता।
- धृति ने यह पदक रिकवर राउंड में 60 मीटर पर 360 में से 336 स्कोर हासिल करके जीता।

### आरना साहनी ने टेबल टेनिस स्वर्ण पदक जीता

- 6वीं राष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता नोएडा में आयोजित की गई।
- **आयोजनकर्ता:** इंटरनेशनल स्कूल स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन।
- राजस्थान की आरना साहनी ने अंडर-14 श्रेणी (छात्रा एकल) में स्वर्ण पदक जीता।
- इसके अलावा अंडर-14 श्रेणी की टीम स्पर्धा में भी राजस्थान ने रजत पदक जीता।

### सृष्टि अरोड़ा

- 5वीं राष्ट्रीय राइफल पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में राजस्थान की सृष्टि अरोड़ा ने 2 पदक जीते।
- 10 मीटर एयर पिस्टल वूमेन SH-1 कैटेगरी में रजत पदक
- टीम इवेंट में निशा कंवर व रीटा जाट के साथ रजत पदक
- **5वीं राष्ट्रीय राइफल पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता**
  - **आयोजन:** पुणे (महाराष्ट्र)
  - **आयोजनकर्ता:** पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया।

### ललित शर्मा ने सीनियर टेनिस चैंपियनशिप में डबल्स का खिताब जीता

- सीनियर टेनिस चैंपियनशिप इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन द्वारा इंदौर (मध्य प्रदेश) में आयोजित की गई।
- इसमें राजस्थान के ललित शर्मा ने +65 वर्ग में डबल्स का खिताब जीता।
- इस वर्ग में वर्तमान में ललित शर्मा की रैंकिंग देश में प्रथम तथा विश्व में 40 है।

## जयपुर ओपन गोल्फ

- सचिन बैसोया ने 16 नवंबर 2024 को मैराथन प्लेऑफ में राशिद खान को हराकर जयपुर ओपन गोल्फ टूर्नामेंट का खिताब जीता।
- सचिन बैसोया ने राशिद खान को फाइनल में हराकर यह खिताब जीता।

## ग्रामीण युवाओं को खेल प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने हेतु 163 ग्राम पंचायतों का चयन

- राजस्थान में प्रथम चरण में 10,000+ आबादी वाली 163 ग्राम पंचायतें चयनित।
- इन क्षेत्रों में ओपन जिम एवं खेल मैदान बनाए जाएंगे।
- इनके निर्माण के साथ उचित रखरखाव भी सुनिश्चित किया जाएगा।
- इसके अलावा राज्य में 'खेलो इंडिया' यूथ गेम्स की तर्ज पर 'खेलो राजस्थान' यूथ गेम्स आयोजित करवाए जाएंगे।

## मिशन ओलंपिक 2028: राजस्थान

- **उद्देश्य:** ओलंपिक खेलों के लिए प्रतिभाओं को तराशना।
- **सुविधाएँ:**
    - 50 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण।
    - जयपुर में ₹100 करोड़ की लागत से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर स्पोर्ट्स का निर्माण।

## सुशील कुमार मीना

- पुणे में आयोजित 5वीं नॉर्थ जोन नेशनल पैरा शूटिंग चैंपियनशिप में पैरा शूटिंग में रजत पदक (ट्रैप वर्ग) जीता।
- **क्वालिफिकेशन:** वर्ल्ड पैरा चैंपियनशिप ट्रायल के लिए चयनित।

## शूटिंग में यशस्वी राठौड़ ने जीते दो कांस्य पदक

- **FISU विश्व विश्वविद्यालय शूटिंग चैम्पियनशिप का आयोजन:** नई दिल्ली में
- यशस्वी राठौड़ ने एफआईएसयू विश्वविद्यालय शूटिंग चैम्पियनशिप में 2 कांस्य पदक जीते।
- यशस्वी ने व्यक्तिगत और टीम, दोनों श्रेणियों में शॉटगन स्कीट में कांस्य पदक जीते।

## दीक्षान्त लोहिया

- मध्यप्रदेश (महु) में हुई 33वीं ऑल इंडिया जीवी मावलंकर शॉट गन शूटिंग चैंपियनशिप में दीक्षान्त लोहिया ने रजत पदक जीता।
- दीक्षान्त लोहिया ने यह पदक क्ले पिजन ट्रेप जूनियर व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा में जीता।
- इससे पहले दीक्षांत ने पंजाब में 43वीं नॉर्थ जोन शूटिंग स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त किया था।

## प्रखर सिंह धीरावत ने तलवारबाजी में रजत पदक जीता

- 68वीं अखिल भारतीय स्कूल गेम्स तलवारबाजी प्रतियोगिता में रजत पदक जीता।
- प्रखर नेशनल सब जूनियर तलवारबाजी प्रतियोगिता में भी कांस्य पदक जीत चुके हैं।
- राजस्थान राज्य तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष: गौहर सूरी।

## ओजस्विनी ने गोल्फ का राष्ट्रीय खिताब जीता

- राजस्थान की गोल्फर ओजस्विनी सारस्वत ने IGU नॉर्दर्न इंडिया लेडीज और जूनियर गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब जीता।
- ओजस्विनी सारस्वत के वर्ष 2024 का चौथा राष्ट्रीय खिताब जीता है।
- यह चैंपियनशिप जेपी विशटाउन गोल्फ क्लब (नोएडा, उत्तर प्रदेश) में आयोजित की गई थी।

## अदविका ने राष्ट्रीय बैडमिंटन स्पर्धा के टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता

- मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम में चल रहे 68वें नेशनल स्कूल (SGFI) गेम्स में CBSE वेलफेयर गर्ल्स अंडर- 17 बैडमिंटन टीम ने टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- इस टीम में राजस्थान के भीलवाड़ा की अद्विका शर्मा भी शामिल थी।
- अद्विका शर्मा राजस्थान बैडमिंटन के इतिहास में पहली बार लगातार दो SGFI बैडमिंटन स्वर्ण पदक जीतने वाली खिलाड़ी बनी है।

## आयुष माथुर ने शतरंज में कांस्य पदक जीता

- कोलकाता (प. बंगाल) में आयोजित अखिल भारतीय (नेशनल) स्कूल गेस में आरुष माथुर ने अंडर-19 छात्र वर्ग में कांस्य पदक जीता।

## अवलोकित सिंह और दिव्यांशी सिंह ने स्क्वैश में स्वर्ण पदक जीता

- राजस्थान के अवलोकित सिंह और दिव्यांशी सिंह ने मुम्बई में संपन्न जेएसडब्ल्यू 10वें सुनील वर्मा मेमोरियल स्क्वैश टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीते।
- दिव्यांशी जैन ने लड़कियों के अंडर-13 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।
- लड़कों के अंडर-19 आयु वर्ग में राजस्थान के अवलोकित सिंह ने स्वर्ण पदक जीता।

## राजश्री राठोर

- इंडिया ओपन शूटिंग चैंपियनशिप में राजस्थान की राजश्री राठोर ने 50 मीटर राइफ़ल प्रोन शूटिंग के सीनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।
- **इंडिया ओपन शूटिंग चैंपियनशिप**
    - भोपाल (मध्यप्रदेश) में आयोजित।

## राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता 2024

- आयोजन: राजकोट, गुजरात।
- **राजस्थान से पदक विजेता:**
    - कृष्णादित्य सिंह: 50 मीटर बैक स्ट्रोक - रजत।
    - प्रणीति चौधरी:
        - 400 मीटर फ्री स्टाइल - कांस्य।
        - 200 मीटर फ्री स्टाइल - कांस्य।

## राष्ट्रीय जूनियर ग्रैपलिंग चैंपियनशिप 2024

- आयोजन: 24-26 नवंबर, जम्मू में।
        - राजस्थान के कुल पदक: 35 (17 स्वर्ण, 8 रजत, 10 कांस्य)
- ग्रेपलिंग एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष: संजय सिंह शेखावत।

## महिपाल लोमरोर

- हाल ही में रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट के राजस्थान और उत्तराखंड मैच में राजस्थान के ऑलराउंडर महिपाल लोमरोर ने तिहरा शतक (नाबाद 300) लगाया।
- इस मैच में राजस्थान मे सर्वाधिक रणजी स्कोर (660 रन) भी बनाया।
- महिपाल लोमरोर राजस्थान के लिए रणजी ट्रॉफी में तिहरा शतक लगाने वाले तीसरे खिलाडी हैं। (राजस्थान निवासी के रूप में दूसरे खिलाड़ी)
- **राजस्थान के लिए तिहरा शतक लगाने वाले खिलाड़ी**

1. गगन खोड़ा (दिलीप ट्रॉफी) (राजस्थान निवासी)
2. आकाश चोपड़ा (रणजी ट्रॉफी)

# 2. राष्ट्रीय परिदृश्य (राजव्यवस्था एवं शासन)

## प्राइवेट प्रॉपर्टी पर राज्य का अधिकार नहीं: सुप्रीम कोर्ट

- **विवाद एवं पीठ:** 5 नवंबर 2024, प्राइवेट संपत्ति विवाद, 9 न्यायाधीशों की पीठ, मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़
- **निर्णय**: हर प्राइवेट संपत्ति को 'समुदाय का भौतिक संसाधन' नहीं माना जा सकता।
- **पीठ सदस्य:** हृषिकेश रॉय, बीवी नागरत्ना, जेबी पारदीवाला, सुधांशु धूलिया, मनोज मिश्रा, राजेश बिंदल, सतीश चंद्र शर्मा, ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह।
- **संविधान का अनुच्छेद 39(B):** समुदाय के भौतिक संसाधनों का स्वामित्व और नियंत्रण सार्वजनिक हित में वितरित हो।

## राइट टू शेल्टर - सुप्रीम कोर्ट का आदेश

- बुलडोजर कार्रवाई पर फैसला:13 नवंबर 2024,अपराधियों की संपत्ति ध्वस्त करना अनुच्छेद 21 (राइट टू शेल्टर) का उल्लंघन (न्यायमूर्ति गवई ने बताया)।
- **15 दिन की सूचना:** घरों को ढहाने से 15 दिन पहले सूचना देना अनिवार्य है।
- सार्वजनिक संपत्ति पर अतिक्रमण और कोर्ट द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश पर लागू नहीं। (शीर्ष अदालत द्वारा अनुच्छेद 142 के तहत असाधारण शक्तियों का उपयोग)
- **बिना सुनवाई के कार्रवाई पर आपत्ति:** न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि सरकार बिना सुनवाई के किसी आरोपी के घर पर बुलडोजेर द्वारा घर ध्वस्त नहीं करवा सकती।
- **विध्वंस प्रक्रिया पर निगरानी:** विध्वंस की वीडियोग्राफी, विस्तृत रिपोर्ट, संबंधित पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के नाम विस्तृत रिपोर्ट में निर्दिष्ट।

## दिव्यांगजनों के लिए सुगम्यता का अधिकार – सुप्रीम कोर्ट

- **सुगम्यता का मौलिक अधिकार:** 8 नवंबर 2024 को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा दिव्यांगजनों को "परिवेश, सेवाओं और अवसरों तक पहुँच" का मौलिक अधिकार है।
- **संविधान और अधिकार:** यह निर्णय अनुच्छेद 14, 19, 21 के तहत समानता, स्वतंत्रता और जीवन के अधिकार से जुड़ा है।
- शीर्ष पीठ ने केंद्र सरकार को दिव्यांगजनों की सार्वजनिक स्थानों व सेवाओं की सुगम्यता सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य नियम बनाने का आदेश दिया।

## अंतरराज्यीय परिषद (Inter-State Council) की स्थायी समिति का पुनर्गठन

- **नामित अध्यक्ष:**गृह मंत्री अमित शाह,
- **कब:** 12 नवंबर 2024
- **उद्देश्य:** केंद्र-राज्य और अंतरराज्यीय समन्वय, सहयोग बढ़ाना
- नई समिति में सदस्य:12 अन्य सदस्य, वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री, महाराष्ट्र, ओडिशा, आंध्र प्रदेश सहित सात राज्यों के मुख्यमंत्री।

**अंतरराज्यीय परिषद (ISC) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतरराज्यीय परिषद(ISC) के अध्यक्ष, विधानसभा वाले सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासक उच्चस्तरीय समिति के सदस्य होंगे।

**परिषद (ISC) की स्थापना:** राष्ट्रपति आदेश से, 28 मई 1990 को, (अनुच्छेद 263 के तहत), सरकारिया आयोग की सिफ़ारिशों पर

# 3. अर्थव्यवस्था

## पीएम विद्यालक्ष्मी योजना

- **मंजूरी:** केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा,6 नवंबर, 2024 को।
- **उद्देश्य**:मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता
- **पात्रता और ऋण:** 860 शीर्ष उच्च शिक्षा संस्थान(QHEI) में प्रवेश प्राप्त करने पर ट्यूशन फीस व अन्य खर्चों की पूरी राशी के लिए कोलेटेरल फ्री, गारंटर-मुक्त ऋण
- **ऋण पर गारंटी:** 7.5 लाख रुपये तक के ऋण पर 75% क्रेडिट गारंटी।
- **ब्याज अनुदान:** 8 लाख रुपये तक की वार्षिक पारिवारिक आय वाले छात्रों को10 लाख रुपये तक के ऋण पर 3% ब्याज अनुदान (यदि अन्य योजना के तहत लाभ के पात्र नहीं)
- **ब्याज अनुदान लाभार्थी:** हर साल 1 लाख छात्र व 2024-2025 से 2030-2031 तक 7 लाख छात्र।

## डिजिटल इंडिया कॉमन सर्विस सेंटर (DICSC) परियोजना

- **प्रारंभ:** केंद्रीय मंत्रालय ने पीलीभीत और गोरखपुर से शुरुआत की। (केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) द्वारा)
- **केंद्रों की स्थापना:** 10 जिलों की सभी ग्राम पंचायतों में एक मॉडल DICSC केंद्र, कुल-4,740 केंद्र।

**राजस्थान में केंद्र:**

- **जोधपुर:** 415
- **निगरानी व प्रबंधन:** CSC ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड
- **सुविधाएं:** हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड, आधुनिक बुनियादी ढांचा
- **उद्देश्य:** ग्राम स्तर के उद्यमियों (VLE) का सशक्तिकरण, स्थानीय विकास, रोजगार अवसर

## नमो ड्रोन दीदी योजना

- **उद्देश्य:** महिला SHG को कृषि सेवाओं के लिए ड्रोन तकनीक
- **कार्यक्रम अवधि:** 2024-25 से 2025-26 तक 15,000 चयनित महिला SHG कृषि उद्देश्यों के लिए किसानों को किराये पर ड्रोन सेवाएं।
- 2024-25 से 2025-26 तक 15,000 चयनित महिला SHG कृषि उद्देश्यों के लिए किसानो को किराए पर ड्रोन सेवाएँ दी जाएंगी।
- **आर्थिक सहायता:** 1 लाख रुपये प्रति वर्ष प्रत्येक SHG को।
- **वित्तीय सहायता:** ड्रोन और सहायक उपकरण की लागत का 80% (8 लाख तक) तथा शेष 20% लागत पर 3% ब्याज अनुदान पर ऋण (SHG राष्ट्रीय कृषि अवसंरचना वित्तपोषण सुविधा (AIF) से।)
- **सहयोग**: केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, उर्वरक विभाग, प्रमुख उर्वरक कंपनियाँ (LFC) व अन्य सहायक संसथाओं के बीच।
- प्रशिक्षण:15 दिन का प्रशिक्षण (5 दिन ड्रोन पायलट प्रशिक्षण, 10 दिन कृषि उद्देश्य के लिए)

## SVASTIK कार्यक्रम - राष्ट्रीय विज्ञान संचार और नीति अनुसंधान संस्थान (CSIR-NIScPR)

- SVASTIK (Scientifically Validated Societal Traditional Knowledge)
- **उद्देश्य**:भारत के भारत के वैज्ञानिक रूप से पारंपरिक ज्ञान का प्रसार
- **लॉन्च:दूसरे** अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (CDTK-2024) के दौरान गुरुग्राम विश्वविद्यालय, हरियाणा में।
- **महत्व**: प्राचीन पांडुलिपियाँ और मौखिक संचरण के रूप में अज्ञात ज्ञानविज्ञान में उपयोगी।

## EV एज़ ए सर्विस कार्यक्रम का शुभारंभ

- **उद्घाटन:** केंद्रीय विद्युत् मंत्री ने एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (EESL) की सहायक कंपनी कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (CESL)
- **मुख्य पहल:** पीएम ई-ड्राइव योजना के बाद इलेक्ट्रिक मोबिलिटी बढ़ाने की दिशा में।
- **उद्देश्य:** सरकारी क्षेत्र में EV अपनाने को बढ़ावा देना
- **योगदान :** सरकारी क्षेत्र में EV की बढ़ती मांग को पूरा करना

## चिकित्सा उपकरण उद्योग को मजबूत बनाने के लिए योजना शुरू

- **शुभारंभ:** केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा द्वारा।
- **उद्देश्य:** चिकित्सा उपकरण उद्योग को बढ़ावा, घटकों और सहायक उपकरणों का निर्माण, कौशल विकास, नैदानिक अध्ययनों के लिए समर्थन आदि शामिल हैं।
- **महत्व:**भारत के चिकित्सा उपकरण बाजार के 2030 तक 30 बिलियन डॉलर का अनुमान।
- **कुल परीव्यय** : 500 करोड़ रुपये

**इसमें 5 उप-योजनाएँ:**

- चिकित्सा उपकरण क्लस्टर के लिए सामान्य सुविधाएँ
- आयात निर्भरता को कम करने के लिए सीमांत निवेश योजना
- चिकित्सा उपकरणों के लिए क्षमता निर्माण और कौशल विकास
- चिकित्सा उपकरण नैदानिक अध्ययन सहायता योजना
- चिकित्सा उपकरण प्रोत्साहन योजना

## Domestic Systemically Important Banks : D-SIBs2024

- D-SIBs सूची:SBI, HDFC बैंक, ICICI बैंक शामिल
- D-SIBs: जो बैंक'टू बिग टू फेल ' हैं और बैंकिंग सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता के लिए उनका निरंतर कामकाज करना महत्वपूर्ण है।

| बैंक | बकेट | कॉमन इक्विटी टियर 1 (CET-1)-आवश्यकता |
|---|---|---|
| SBI | बकेट 4 | 0.80% |
| HDFC | बकेट 3 | 0.40% |
| ICICI | बकेट 1 | 0.20% |

- **D-SIB अधिभार लागू:** SBI, HDFC ले लिए- 1 अप्रैल, 2025 से
- **D-SIB रूपरेखा:** RBI द्वारा 2014 में जारी, 28 दिसंबर 2023 में अपडेट

# 4. अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## 19वाँ G-20 शिखर सम्मेलन, 2024

- **आयोजन:** 18-19 नवंबर, 2024, रियो डी जेनेरियो (ब्राजील)
- ब्राजील में आयोजित होने वाला पहला जी-20 शिखर सम्मेलन।
- **थीम:** "एक न्यायसंगत विश्व एवं एक संधारणीय ग्रह का निर्माण (Building a Just World and a Sustainable Planet)"।
- **अध्यक्षता:** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा।
- **भागीदार:** 19 सदस्य देश, अफ्रीकी संघ एवं यूरोपीय संघ।

## 'रियो घोषणा पत्र'

**ग्लोबल अलायंस की शुरुआत: भूख और गरीबी के खिलाफ बड़ी पहल**

- उद्देश्य: विकासशील देशों में खाद्य असुरक्षा को दूर करने के लिए संसाधन और रणनीतियाँ जुटाना।
- लक्ष्य: सतत विकास लक्ष्य 1 (गरीबी उन्मूलन) और 2 (शून्य भूख) की प्राप्ति में तेजी लाना।
- सदस्य: 81 देश (भारत सहित), 26 अंतरराष्ट्रीय संगठन, 9 वित्तीय संस्थान, 31 दानदाता और गैर-सरकारी संगठन।

**G20 की प्रतिबद्धताएँ:**

- 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तिगुना करना, वैश्विक ऊर्जा दक्षता को दोगुना करना।
- संरचनात्मक असमानताओं को दूर करने और जातीय समानता को बढ़ावा देना।
- कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के जोखिमों को पहचानते हुए प्रौद्योगिकी शासन के लिए एक उच्च-स्तरीय संस्था की स्थापना।

**Sprints 2030: 6 उच्च - प्रभाव वाले क्षेत्रों पर विशेष पहल:**

1. स्कूल भोजन
2. नकद हस्तांतरण
3. छोटे किसानों का समर्थन
4. सामाजिक-आर्थिक समावेशन
5. मातृ और प्रारंभिक बचपन हस्तक्षेप
6. पानी पहुंच समाधान

## भारत को 2024-26 के लिए ISA का अध्यक्ष चुना गया

- भारत का चुनाव:भारत - ISA अध्यक्ष (2024-26), फ्रांस - सह-अध्यक्ष
- नई दिल्ली में 3-6 नवंबर 2024 को ISAके सातवें सत्र में यह निर्णय लिया गया।

**क्षेत्रीय समूह व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष (2024-2026):**

- अफ्रीका: घाना, सेशेल्स।
- एशिया-प्रशांत: ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका
- यूरोप: जर्मनी, इटली।
- लैटिन अमेरिका: ग्रेनाडा, सूरीनाम।
- तीसरे महानिदेशक:आशीष खन्ना (2024-28), डॉ. अजय माथुर का स्थान लेंगे।
- ISA की सातवीं बैठक: नई दिल्ली, 104 सदस्य देशों और 17 हस्ताक्षरकर्ता देशों ने भाग लिया।
- वर्तमान (2024) में ISA के 104 सदस्य देश हैं।

## अर्मेनिया की अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन में सदस्यता

- अर्मेनिया अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन में 104वें पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल हुआ।
- आर्मेनिया की पूर्ण सदस्यता 15 नवंबर, 2024 से प्रभावी है।
- इस हेतु समझौते पर 16 नवंबर, 2023 को येरेवन में हस्ताक्षर किए गए थे।

## पीएम मोदी की 16 नवम्बर 2024 को 6 दिवसीय विदेश यात्रा (नाइजीरिया, ब्राजील, गुयाना)

**नाइजीरिया यात्रा (दो दिवसीय):**

- 17 वर्षों में पहली भारतीय प्रधानमंत्री यात्रा
- भारत और नाइजीरिया में रणनीतिक साझेदारी 2007 से

**ब्राजील यात्रा:**

- 18 नवंबर को जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के शहर रियो डी जेनेरियो गए।
- **जी20 शिखर सम्मेलन** :राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा की मेज़बानी

**भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका जी20 ट्रोइ का सदस्य**

**गुयाना यात्रा:**

- 19-21 नवंबर को।
- 1968 के बाद पहली यात्रा
- प्रधानमंत्री ने गुयाना के जॉर्जटाउन में दूसरे कैरिकॉम-भारत शिखर सम्मेलन में भी हिस्सा लिया।

**कैरेबियाई समुदाय (कैरिकॉम):**

- 1973 में स्थापित, सदस्य देश-15
- **उद्देश्य-** आर्थिक एकीकरण और सहयोग बढ़ाना

## मोबिलिटी अरेंजमेंट फॉर टैलेंटेड अर्ली-प्रोफेशनल्स स्कीम (MATES)

- योजना की शुरुआत:ऑस्ट्रेलिया द्वारा,
- भारतीय विश्वविद्यालय के प्रतिभाशाली स्नातकों और शुरुआती करियर के पेशेवरों को दो साल तक काम का अवसर

- **MMPA पर समझौता:** 23 मई 2023 को भारत और ऑस्ट्रेलिया ने हस्ताक्षर किए
- MMPA: द्विपक्षीय फ्रेमवर्क जो अवैध और अनियमित प्रवास से संबंधित मुद्दों के लिए दोनों देशों के बीच दो-तरफ़ा प्रवास और गतिशीलता का समर्थन और प्रचार करता है।
- MATES के लिए पात्रता:30 वर्ष से कम, अंग्रेजी (IELTS 6), विशिष्ट क्षेत्रों में स्नातक
- **योग्यता:**पहले MATES में भाग नहीं लिया है, भारत के टॉप 100 विश्वविद्यालयों के स्नातक पात्र

## बच्चों के खिलाफ हिंसा की समाप्ति पर पहला मंत्रिस्तरीय सम्मेलन

- सम्मेलन का आयोजन(Ministerial Conference on Ending Violence Against Children): 7-8 नवंबर 2024 कोबोगोटा में आयोजित।
- कोलंबिया और स्वीडन को सरकारों ने WHO, यूनिसेफ, और संयुक्त राष्ट्र महासचिव के सहयोग से इस सम्मेलन को आयोजित किया।

## एसेट रिकवरी इंटरएजेंसी नेटवर्क-एशिया पैसिफिक (ARIN-AP)

- भारत एसेट रिकवरी इंटरएजेंसी नेटवर्क-एशिया पैसिफिक (ARIN-AP) की संचालन समिति (Steering Committee) में शामिल।
- भारत का प्रतिनिधित्व: प्रवर्तन निदेशालय (ED) द्वारा।
- ARIN-AP का उद्देश्य:एशिया-प्रशांत क्षेत्र में आपराधिक आय की समस्या से निपटना, संपत्ति का पता लगाना, उसे फ्रीज और जब्त करने के लिए देशों के बीच सहयोग बढ़ाना।
- सदस्य और पर्यवेक्षक:28 सदस्य, 9 पर्यवेक्षक, और यह CARIN नेटवर्क का हिस्सा है।
- **CARIN (कैमडेन एसेट रिकवरी इंटर-एजेंसी नेटवर्क) :** अनौपचारिक नेटवर्क है, जो संपत्ति रिकवरी में सहयोग करता है, EU द्वारा वित्त पोषित है तथा इसका सचिवालय हेग में है।

## ऑस्ट्रेलिया द्वारा 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंध प्रस्ताव

- प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ द्वारा 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंध की घोषणा 7 नवंबर को की गई।
- **विधेयक और छूट :** विधेयक संसद में पेश होगा,सांसदों के अनुमोदन के बाद 12 महीने में लागू होगा।
- जिन बच्चों के पास माता-पिता की सहमति है या जिनके पास पहले से ही खाता है, उन्हें कोई छूट नहीं मिलेगी।

## पहला यूएस-इंडिया महासागर संवाद

- **आयोजन:** 14 नवम्बर
- हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा और समृद्धि के उपायों पर चर्चा हुई।
- अमेरिकी उप विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल और प्रमुख उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर वर्चुअल रूप से शामिल हुए।
- उच्च प्रौद्योगिकी सहयोग पर आईसीईटी पहल का नेतृत्व:राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और उनके अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन द्वारा।
- QUAD पहल: इंडो-पैसिफिक समुद्री डोमेन जागरूकता के लिए।
- QUAD: भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान, अमेरिका।

## 12वां विश्व शहरी मंच (WUF12) - UN Habitat

- **सम्मेलन**:4-8 नवंबर 2024, काहिरा (मिस्र)
- **थीम**:"इट आल स्टार्टस एट होम"(It all starts at home)
- इस सम्मेलन को"संयुक्त राष्ट्र मानव बस्ती कार्यक्रम (यूएन-हैबिटेट)" द्वारा बुलाया गया।
- **काहिरा कॉल टू एक्शन:** वैश्विक आवास संकट पर तत्काल कार्रवाई तथा वैश्विक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए स्थानीय कार्रवाई का लाभ उठाने का संकल्प लिया।
- स्थानीय प्रतिनिधित्व, समावेशी शहरी उपयोग, वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता आदि समावेशी शहरी योजनाओं पर भी बल दिया।

## वर्ल्ड अर्बन फोरम (WUF)

- **स्थापना और उद्देश्य:** 2001, संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्थिर शहरीकरण पर चर्चा के लिए
- **प्रथम वैश्विक आयोजन(WUF) :** 2002, नैरोबी, केन्या

# 5. विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी

## SpaceX द्वारा ISRO का GSAT-20 लॉन्च

- **उपग्रह:** GSAT-20 या GSAT-N2
- **लॉन्च:** स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट का उपयोग करके केप कैनवेरल, फ्लोरिडा से।
- **वजन और क्षमता**: उपग्रह का वजन 4,700 किलोग्राम और 48Gbps की HTS क्षमता।
- **लक्ष्य**: दूरदराज और अनुपयुक्त क्षेत्रों को जोड़ने के लिए डिज़ाइन किया गया।
- **उद्देश्य**: ब्रॉडबैंड सेवाओं और इन-फ्लाइट कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना।
- यह स्मार्ट सिटी और इन-फ्लाइट इंटरनेट कनेक्टिविटी जैसी परियोजनाओं को सपोर्ट करेगा।
- यह उपग्रह 14 साल तक संचालित होगा।

**फाल्कन-9 रॉकेट :**

- दुनिया का पहला ऑर्बिटल क्लास रियूजेबल दो-चरणों वाला रॉकेट।
- पृथ्वी की कक्षा और उससे बाहर पेलोड्स को सुरक्षित रूप से भेजने के लिए उपयोगी है।
- फाल्कन-9 रॉकेट 8,300 किलोग्राम तक का पेलोड भूस्थिर स्थानांतरण कक्षा में प्रक्षेपित कर सकता है।

## लकड़ी से बना दुनिया का पहला सैटेलाइटलिग्नोसैट :

- **लॉन्च तिथि:** 5 नवंबर, जापानी वैज्ञानिकों द्वारा।
- **निर्माता:** क्योटो विश्वविद्यालय और सुमितोमो फॉरेस्ट्री।
- **लॉन्च प्लेटफॉर्म:** स्पेसएक्स मिशन, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS)।

**उद्देश्य:**

- अंतरिक्ष में लकड़ी की उपयोगिता का परीक्षण।
- भविष्य के अंतरिक्ष आवास और अन्वेषण में अक्षय सामग्री की भूमिका पर अध्ययन।
- चरम अंतरिक्ष स्थितियों (-100°C से 100°C) में टिकाऊपन की जांच।
- **नामकरण**: लकड़ी के लैटिन शब्द "लिग्नम" से प्रेरित।
- **सामग्री**: जापानी होनोकी (मैगनोलिया वृक्ष) की लकड़ी।

## प्रोबा-3 मिशन

- **प्रक्षेपण समय:** दिसंबर 2024।
- **स्थान:** श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष स्टेशन, भारत।
- **उद्देश्य:** सूर्य के धुंधले कोरोना (सौर परिधि के पास स्थित क्षेत्र) का अध्ययन।
- यह यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) का मिशन है जिसे ISRO द्वारा लॉन्च किया जाएगा।
- यह मिशन भारत की अंतरिक्ष तकनीक की क्षमताओं और वैश्विक साझेदारी को बढ़ावा देगा।

## ISRO का पहला एनालॉग अंतरिक्ष मिशन

- **आरंभ**: 1 नवंबर 2024, लेह, लद्दाख में।

**उद्देश्य:**

- किसी अन्य ग्रह की हैबिटेट स्थितियों का अनुकरण।
- स्थायी बेस स्टेशन की व्यवहार्यता का अध्ययन।
- अंतरग्रहीय आवास में जीवन की चुनौतियों का परीक्षण।

**एनालॉग मिशन की विशेषताएं**

- पृथ्वी पर दुर्गम वातावरण में फील्ड परीक्षण।
- अंतरिक्ष की कठिन परिस्थितियों का अनुकरण।
- मानव और रोबोट की प्रतिक्रिया का अध्ययन।
- "हैब-1" नामक कॉम्पैक्ट और इन्फ्लेटेबल आवास।

**संगठनों की भागीदारी:**

- ISRO, मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र।
- आका स्पेस स्टूडियो, लद्दाख विश्वविद्यालय।
- IIT बॉम्बे।

## भारत और रूस द्वारा पैंटसिर वायु रक्षा प्रणालियों पर सहयोग

- **समझौता ज्ञापन:** भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (BDL) और रूस की रोसोबोरोन एक्सपोर्ट के बीच पैंटसिर वायु रक्षा प्रणालियों के संयुक्त संस्करण विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर।
- **उद्देश्य:** यह समझौता भारत की वायु रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और देश को विमानों और क्रूज मिसाइलों से बचाने के लिए किया गया है।
- **पैंटसिर मिसाइल गन सिस्टम:** बहुमुखी और मोबाइल प्लेटफॉर्म, सैन्य प्रतिष्ठानों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की रक्षा के लिए डिज़ाइन किया गया।
- 12 मिसाइलों और दो 30 मिमी ऑटोमैटिक तोपों के साथ, जो कई स्तरों पर रक्षा।
- उन्नत रडार सिस्टम से लैस, जो 36 किमी तक और 15 किमी ऊंचे टार्गेट को पहचान में सक्षम।
    - o पैंटसिर की मिसाइल रेंज:1-12 किमी
    - o तोपों की रेंज 0.2-4 किमी।

## भारत की पहली "लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल" का उड़ान परीक्षण

- 17 नवंबर, 2024 को परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया गया।
- उड़ान परीक्षण ओडिशा तट से दूर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया।

- **रेंज:** 1500 किमी से अधिक की दूरी तक सक्षम।
- **उद्देश्य:** भारतीय सशस्त्र बलों की सभी सेवाओं के लिए विभिन्न पेलोड ले जाने के लिए डिज़ाइन।
- स्वदेशी रूप से हैदराबाद स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मिसाइल कॉम्प्लेक्स और डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं तथा उद्योग भागीदारों द्वारा विकसित।

## ऑटोनोमस सरफेस पोत का सफल संचालन

- **यात्रा की शुरुआत:** 29 अक्टूबर को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'सागरमाला परिक्रमा' यात्रा को हरी झंडी दिखाई।
- **यात्रा का मार्ग:** भारतीय नौसेना के सहयोग से 1,500 किलोमीटर की यात्रा मुंबई से थूथुकुडी तक पूरी की गई।
- **स्वदेशी तकनीकी विकास:** यह यात्रा भारत की ऑटोनोमस समुद्री प्रौद्योगिकी में बढ़ती विशेषज्ञता को दर्शाती है।
- यात्रा को भारतीय नौसेना के NIIO, TDAC और DIO के तहत iDEX पहल का समर्थन प्राप्त है।
- यह ऑटोनोमस जहाजों के सैन्य और असैन्य क्षेत्रों में उपयोग की संभावनाओं का परीक्षण करती है।

## भारतजापान ने यूनिकॉर्न मस्तूल के विकास के लिए कार्यान्वयन ज्ञापन - पर हस्ताक्षर किए

- यूनिकॉर्न (UNICORN) मस्तूल के सह-विकास के लिए कार्यान्वयन ज्ञापन (MoI) पर हस्ताक्षर किए गए।
- यूनिकॉर्न मस्तूल एक शंक्वाकार संरचना है जो युद्धपोतों के ऊपर एंटेना रखता है, जिससे उनके स्टील्थ गुणों में वृद्धि होती है।
- इस मस्तूल का उद्देश्य नौसेना जहाजों की स्टील्थ विशेषताओं को बेहतर बनाना है।
- भारतीय नौसेना के युद्धपोतों पर इस मस्तूल का उपयोग किया जाएगा।
- भारत-जापान रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग के फ्रेमवर्क के तहत यह परियोजना संचालित होगी।
- यूनिकॉर्न मस्तूल भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा जापानी सहयोग से विकसित किया जाएगा।

## स्वदेश निर्मित अस्मि (ASMI) मशीन पिस्तौल

- **स्वदेशी विकास:** भारतीय सेना ने उत्तरी कमान में स्वदेशी अस्मि (ASMI) मशीन पिस्तौल को सफलतापूर्वक शामिल किया।
- **निर्माण:** यह पिस्तौल हैदराबाद स्थित लोकेश मशीन लिमिटेड द्वारा निर्मित।
- **डिजाइन:** डीआरडीओ तथा कर्नल प्रसाद बंसोड़ के सहयोग से डिज़ाइन।
- अस्मि पिस्तौल को खासकर नजदीकी युद्ध और विशेष अभियानों के लिए डिजाइन किया गया है।

## लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल

- **परीक्षण स्थान:** एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर,ओडिशा
- **मारक क्षमता:** 1,000 किलोमीटर
- **लॉन्च प्लेटफॉर्म:** मोबाइल आर्टिकुलेटेड लॉन्चर।
- विकास: DRDO द्वारा एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट, बेंगलुरु ने इसे अन्य प्रयोगशालाओं और उद्योगों के साथ मिलकर विकसित किया।
- सुधार: उन्नत एवियोनिक्स और सॉफ़्टवेयर से लैस।
- LRLACM भारतीय सशस्त्र बलों को लंबी दूरी की स्टैंडऑफ क्षमता प्रदान करेगी।

## चीन ने FK-4000 वायु रक्षा प्रणाली का प्रदर्शन

- चीन के झुहाई शहर में आयोजित विशाल एयर शो में प्रदर्शन।
- **निर्माता:** चाइना एयरोस्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी कॉरपोरेशन।
- **विशेषता:** छोटे व हल्के ड्रोन से लेकर सूक्ष्म मानवरहित हवाई विमानों तक को रोकने के लिए उच्च शक्ति वाले माइक्रोवेव (High Powered Microwave : HPM) का उपयोग।
- **उद्देश्य:** वायु रक्षा प्रणाली के रूप में ड्रोन और मानवरहित हवाई विमानों से सुरक्षा प्रदान करना।

## भारत की पहली डायरेक्ट-टू-डिवाइस सैटेलाइट कनेक्टिविटी

- **लॉन्च:** BSNL ने भारत की पहली डायरेक्ट-टू-डिवाइस सैटेलाइट कनेक्टिविटी सेवा शुरू की।
- **साझेदारी:** BSNL ने Viasat (अमेरिकी संचार कंपनी) के साथ साझेदारी की।
- **उद्देश्य:** दूरदराज क्षेत्रों में नेटवर्क कनेक्टिविटी समस्याओं का समाधान।
- BSNL की सेवा बिना सिम कार्ड या नेटवर्क कनेक्शन के कॉल और मैसेज भेजने की सुविधा देती है।
- BSNL की सेवा 36,000 किमी ऊपर स्थित उपग्रहों के साथ सीधे दो-तरफ़ा संचार सक्षम करती है।
- पारंपरिक मोबाइल कनेक्टिविटी के बजाय सीधे सैटेलाइट से सिग्नल।
- पहले यह तकनीक मुख्यतः आपातकालीन और सैन्य सेवाओं तक सीमित थी।

## RNA एडिटिंग

- वेव लाइफ साइंसेज ने RNA एडिटिंग के माध्यम से आनुवंशिक बीमारी का इलाज करने में सफलता प्राप्त की।

- **RNA की भूमिका:** कोशिकाएँ DNA से mRNA बनाती हैं, जो प्रोटीन उत्पादन के लिए निर्देश प्रदान करता है।
- **लाभ:** म्यूटेशन को ठीक करके दोषपूर्ण प्रोटीन को बनने से रोकना।
- RNA एडिटिंग में ADAR एंजाइम mRNA में बदलाव करते हैं, जिससे कोशिका त्रुटियों को पहचान कर सुधार करती है।
- वेव लाइफ साइंसेज ने α-1 एंटीट्रिप्सिन के लिए mRNA में म्युटेशन ठीक करने के लिए gRNA और ADAR एंजाइम का उपयोग किया।
- RNA एडिटिंग अस्थायी होती है, जबकि DNA एडिटिंग स्थायी और कभी-कभी जोखिमपूर्ण होती है।
- RNA एडिटिंग में कम प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया और सुरक्षित उपचार का अवसर होता है।

## नैफिथ्रोमाइसिन: भारत की पहली स्वदेशी एंटीबायोटिक दवा

- केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा 20 नवंबर को प्रतिरोधी संक्रमणों के लिए "नैफिथ्रोमाइसिन" को औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया।
- **उद्देश्य:** दवा प्रतिरोधी निमोनिया के खिलाफ तीन दिवसीय उपचार प्रदान करना।
- **विकास:** जैव प्रौद्योगिकी विभाग की इकाई "बीआईआरएसी" के सहयोग से विकसित।
- यह देश का पहला स्वदेशी रूप से विकसित एंटीबायोटिक है जिसका उद्देश्य रोगाणुरोधी प्रतिरोध (AMR) से निपटना है।

## IL-35 प्रोटीन की खोज

- **खोज:** गुवाहाटी स्थित IASST के वैज्ञानिकों ने IL-35 नामक प्रोटीन की खोज की।
- IL-35 प्रोटीन प्रतिरक्षा कोशिकाओं को नियंत्रित करके शरीर की रक्षा करता है।
- यह प्रोटीन टाइप 1 मधुमेह और ऑटोइम्यून डायबिटीज़ से बचाव में मदद करता है।
- यह IL-12α और IL-27β श्रृंखलाओं का एक संयोजन है, जो IL12A और EBI3 जीन द्वारा उत्पन्न होता है।
- यह श्वेत रक्त कोशिका मैक्रोफेज़ और टी-सेल प्रोटीन को नियंत्रित करता है।
- यह प्रोटीन अग्नाशय की बीटा कोशिकाओं पर हमले को रोकता है।
- यह मधुमेह के इलाज के लिए एक संभावित नया उपचार विकल्प प्रस्तुत करता है।

## प्रमुख युद्धाभ्यास

### अभ्यास वज्र प्रहार 2024

- यह भारतीय सेना, अमेरिका के साथ संयुक्त विशेष बल अभ्यास है।
- यह अभ्यास 2 से 22 नवंबर 2024 तक अमेरिका के इडाहो में ऑर्चर्ड कॉम्बैट ट्रेनिंग सेंटर आयोजित हुआ।
- इसका उद्देश्य भारत और अमेरिका के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना और विशेष संचालन रणनीतियों का आदान-प्रदान करना है।

### गरुड़ शक्ति अभ्यास 2024

- यह भारतऔर इंडोनेशिया की सेनाओं के बीच आयोजित होने वाला युद्ध अभ्यास है।
- 1-12 नवंबर 2024, सिजंटुंग, जकार्ता (इंडोनेशिया)।

### VINBAX 2024 अभ्यास

- यह भारत और वियतनाम के बीच होने वाला युद्ध अभ्यास है। ‘
- **स्थान:** अंबाला और चंडीमंदिर, 04-23 नवंबर 2024।
- **द्वि-सेवा भागीदारी:** पहली बार थल सेना और वायुसेना दोनों के कर्मी शामिल।

### ऑस्ट्राहिंद (AUSTRAHIND) अभ्यास 2024

- यह भारतऔर ऑस्ट्रेलिया की सेनाओं के बीच आयोजित होने वाला युद्ध अभ्यास है।
- **स्थान:** पुणे, विदेशी प्रशिक्षण नोड, नवंबर 2024।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया का रक्षा सहयोग

- 2+2 रक्षा और विदेश मंत्री की वार्ता।
- द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास AUSINDEX।
- PITCHBLACK बहुराष्ट्रीय वायु सेना अभ्यास में भागीदारी।

## अंतरिक्ष अभ्यास-2024

- इसमें भारतीय सेना, नौसेना, वायु सेना के कर्मी, रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी और संबद्ध इकाइयाँ शामिल हुईं।
- इसके अलावा ISRO और DRDO के अलावा रक्षा साइबर एजेंसी, रक्षा खुफिया एजेंसी और सामरिक बल कमान भी सक्रिय रूप से शामिल हुए।
- आयोजन: 11 से 13 नवंबर 2024 को।

**उद्देश्य:**

- भारतीय उपग्रहों और अंतरिक्ष सेवाओं पर बढ़ते खतरों से निपटने के लिए तैयारी।
- अंतरिक्ष क्षेत्र में राष्ट्रीय रणनीतिक उद्देश्यों को पूरा करना और सैन्य अभियानों में अंतरिक्ष क्षमता को एकीकृत करना।

## सी-विजिल-24 तटीय रक्षा अभ्यास

- तारीख: 21 से 22 नवंबर 2024 को।
- भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित तथा इसमें भारतीय सेना और वायु सेना की भागीदारी रही।
- भागीदार: छह मंत्रालय, 21 संगठन और एजेंसियां।
- **उद्देश्य:** तटीय परिसंपत्तियों (बंदरगाहों, तेल रिगों, घाटों, केबल लैंडिंग बिंदुओं, तटीय आबादी) की सुरक्षा को मजबूत करना।

# 6. खेल परिदृश्य

## भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती

- भारत ने 20 नवंबर को बिहार के राजगीर हॉकी स्टेडियम में महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती।
- भारतीय महिला टीम ने चीन को 1-0 से हराया।
- सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी:दीपिका (11गोल)(टॉप स्कोरर)
- यह भारत का तीसरा महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी खिताब था।
- भारतीय महिलाओं ने 2016 और 2023 में अपने पहले और दूसरे खिताब जीते थे।

## ज्योति सुरेखा वेन्नम

- लक्जमबर्ग में आयोजित जीटी ओपन में महिला कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- यह उनकी पहली बार जीटी ओपन में भागीदारी थी।
- उन्होंने बेल्जियम की सारा प्रील्स को 147-145 से हराकर खिताब हासिल किया।
- इसके अलावा पुरुषों की कंपाउंड स्पर्धा में अभिषेक ने रजत पदक जीता।

## पश्चिम बंगाल ने चौथी राष्ट्रीय फिनस्विमिंग चैम्पियनशिप में टीम खिताब जीता

- पश्चिम बंगाल ने कुल 151 पदक (67 स्वर्ण, 43 रजत, 41 कांस्य) जीते।
- कर्नाटक 50 पदकों (17 स्वर्ण, 18 रजत, 15 कांस्य) के साथ दूसरे स्थान पर रहा।
- उत्तराखंड 21 पदकों (8 स्वर्ण, 6 रजत, 7 कांस्य) के साथ तीसरे स्थान पर रहा।
- आयोजन: अंडरवाटर स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (यूएसएफआई) द्वारा फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग।

## बिहार अप्रैल 2025 में खेलो इंडिया यूथ गेम्स और पैरा गेम्स की मेजबानी करेगा

- खेलो इंडिया यूथ गेम्स युवा मामले और खेल मंत्रालय का प्रमुख आयोजन है।
- पहली बार बिहार में खेलो इंडिया पैरा गेम्स का आयोजन किया जाएगा।
- खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 इस वर्ष जनवरी में तमिलनाडु में आयोजित किए गए थे।

## अनीश सरकार

- दुनिया के सबसे कम उम्र के फीडे (FIDE) शतरंज खिलाड़ी बने।
- अनीश की उम्र 3 साल, 8 महीने और 19 दिन है।
- **FIDE रेटिंग:** 1555

## मनदीप जांगड़ा

- केमैन आइलैंड्स में आयोजित वर्ल्ड बॉक्सिंग फेडरेशन (BWF) सुपर फेदरवेट विश्व खिताब जीता।
- इन्होंने ब्रिटिश मुक्केबाज कोनोर मैकिन्टोश को हराया।

### पुरस्कार और उपलब्धियाँ

- 2013 एशियाई चैम्पियनशिप में रजत पदक
- 2014 ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों मेंरजत पदक
- अर्जुन पुरस्कारसे सम्मानित (2015)

## अतनु दास

- **स्थान:** स्विस ओपन इंडोर तीरंदाजी, लुसाने, स्विट्ज़रलैंड।
- अतनु ने रिकर्व पुरुष स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।
- अतनु दास ने थॉमस रूफर को 6-4 से हराया।

## अंडर-19 विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप

- स्थान: कोलोराडो, अमेरिका।
- भारत के कुल पदक: 17 (4 स्वर्ण, 8 रजत, 5 कांस्य)।
- पदक विजेताओं में शामिल: 9 पुरुष, 10 महिलाएं (12 एथलीट फाइनल में पहुंचे)।

### स्वर्ण पदक विजेता

- पुरुष चैंपियन: हेमंत सांगवान
- **महिला चैंपियन:** कृषा वर्मा, पार्थवी ग्रेवाल, वंशिका गोस्वामी।

## मानसी अहलावत

- मानसी ने महिला 59 किलोग्राम वर्ग में सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता।
- आयोजन: तिराना, अल्बानिया।

## तनुश्री पांडे

- तनुश्री ने वर्ल्ड सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में रजत पदक जीता।
- वर्ग: अंडर 21 महिला व्यक्तिगत एकल में।
- आयोजन: जिंगशान, चीन।

## सॉफ्ट टेनिस

- सॉफ्ट टेनिस में कठोर पीली गेंदों की बजाय नरम रबर की गेंदों का उपयोग होता है।
- हरमीत देसाई ने डब्ल्यूटीटी फीडर्स काराकस में दो खिताब जीते
- डब्ल्यूटीटी फीडर्स काराकस का आयोजन: वेनेजुएला में।

- हरमीत देसाई ने पुरुष एकल और मिश्रित युगल दोनों स्पर्धाओं में जीत हासिल की।
- पुरुष एकल के फाइनल मेंहरमीत देसाई ने फ्रांस के जो सेफ्रेड को 3-0 से हराया।
- मिक्स्ड डबल्स में हरमीत देसाई और कृत्विका रॉय ने क्यूबा की जोड़ी को 3-2 से हराया।
- यह कृतिका रॉय का दूसरा डब्ल्यूटीटी फीडर डबल्स खिताब था।

## पंकज आडवाणी ने 28वां विश्व बिलियर्ड्स खिताब जीता

- आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप का आयोजन: दोहा।
- पंकज आडवाणी ने इंग्लैंड के रॉबर्ट हॉल को 4-2 से हराया।
- यह पंकज आडवाणी का ऐतिहासिक 28वां विश्व खिताब है।
- यह उनका सातवां लगातार खिताब है।

## अरविंद चिदंबरम

- जीएम अरविंद चिदंबरम ने जीएम लेवोन अरोनियन को हराकर चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स का खिताब जीता।
- जीएम वी प्रणव ने पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रहते हुए चैलेंजर्स का खिताब अपने नाम किया।

## चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स 2024 विवरण

- **श्रेणियाँ:** मास्टर्स और चैलेंजर्स।
- संजू सैमसन ने T-20 में तीन शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया
- संजू सैमसन ने 15 नवंबर को जोहान्सबर्ग में एक कैलेंडर ईयर में तीन T-20 शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया।
- चौथे T-20 मैच में, सैमसन ने 56 गेंदों पर 109 रन बनाकर तीसरा शतक जड़ा।
- वे इस उपलब्धि को हासिल करने वाले पहले बल्लेबाज बने।

## भारत ने 2036 ओलंपिक मेज़बानी हेतु आवेदन किया

- भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) ने IOC को 2036 ओलंपिक और पैरालिंपिक की मेज़बानी की इच्छा का पत्र प्रस्तुत किया।
- प्रतिद्वंदी देश: मेक्सिको, इंडोनेशिया, तुर्की, पोलैंड, मिस्र और दक्षिण कोरिया भी मेज़बानी की दौड़ में शामिल हैं।
- मेजबान देश: लॉस एंजिल्स (2028) और ब्रिसबेन (2032) पहले से ओलंपिक खेलों की मेज़बानी करेंगे।

## प्रजनेश गुणेश्वरन

- प्रजनेश गुणेश्वरन ने 15 नवंबर को 14 साल के टेनिस करियर के बाद पेशेवर टेनिस से संन्यास लिया।
- गुणेश्वरन ने 75वीं रैंकिंग तक पहुंचकर ओपन एरा में आठवें सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ी का दर्जा हासिल किया।
- वर्ष 2018 एशियाई खेलों में एकल कांस्य पदक और दो एटीपी चैलेंजर खिताब जीते।
- इन्होंने 2 एटीपी चैलेंजर और 8 आईटीएफ सिंगल्स खिताब, साथ ही 1 आईटीएफ डबल्स खिताब भी जीते।

## "मोंडुरो 4.0"

- मोंडुरो 4.0, जो दुनिया की सबसे ऊंची एंड्यूरो माउंटेन बाइकिंग रेस है, अरुणाचल प्रदेश के तवांग में शुरू हुई।
- यह रेस 14,400 फीट की ऊंचाई से शुरू होकर 8,000 फीट पर समाप्त होती है।
- आयोजन: रेस को तवांग साइक्लिंग एसोसिएशन और अरुणाचल प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया।

# 7. पुरस्कार एवं सम्मान

## डोमिनिका: प्रधानमंत्री मोदी को राष्ट्रीय सम्मान

- **पुरस्कार:** डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर
- **कारण**: कोविड-19 सहयोग और भारत-डोमिनिका द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना

## प्रधानमंत्री मोदी को "ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर" से सम्मानित

- नाइजीरिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दूसरे सबसे बड़े राष्ट्रीय पुरस्कार, 'ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर'से सम्मानित किया
- यह सम्मान पाने वाले मोदी दूसरे विदेशी गणमान्य व्यक्ति हैं।
- इससे पहले महारानी एलिजाबेथ को 1969 में यह पुरस्कार प्राप्त हुआ था।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुयाना और बारबाडोस का सर्वोच्च सम्मान

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुयाना ने सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान"द ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस"से सम्मानित किया।
- प्रधानमंत्री मोदी को बारबाडोस से" ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस" से सम्मानित किया गया।
- पीएम मोदी को अब तक कुल19 अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी को वाशिंगटन में वैश्विक शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर विश्व शांति पुरस्कार से सम्मानित किए गए।
- संस्था: वाशिंगटन ऐडवेंटिस्ट यूनिवर्सिटी और अमेरिका इंडिया माइनॉरिटी एसोसिएशन (AIAM)द्वारा।
- उन्हें यह पुरस्कार समाज में शांति के लिए उनकी कोशिशों और अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए दिया गया।
- AIAM एक गैर-सरकारी संस्था है, जिसका उद्देश्य अमेरिका में भारतीय अमेरिकी प्रवासियों के बीच एकता स्थापित करना है।

## कोल इंडिया लिमिटेड 'ग्रीन वर्ल्ड अवार्ड्स 2024'से सम्मानित

- **पुरस्कार का नाम:** ग्रीन वर्ल्ड पर्यावरण पुरस्कार
- यह पुरस्कार द ग्रीन ऑर्गनाइजेशन द्वारा दिया गया।
- वर्ग: कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) श्रेणी
- CIL को यह पुरस्कार 600 से अधिक थैलेसीमिया रोगियों के स्थायी उपचार के लिए थैलेसीमिया बाल सेवा योजना के लिए दिया गया।
- वर्ष 2017 में, CIL अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण के माध्यम से थैलेसीमिया के उपचार के लिए CSR परियोजना शुरू करने वाला पहला सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम बना।

## बुकर पुरस्कार 2024: सामंथा हार्वे

- विजेता: ब्रिटिश लेखिका सामंथा हार्वे (उपन्यास 'ऑर्बिटल')
- घोषणा: 12 नवंबर 2024, लंदन
- विषय: छह अंतरिक्ष यात्रियों के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर बिताए दिन
- इनाम राशि: 60,000 पाउंड

**इतिहास:**

- बुकर पुरस्कार (मैन बुकर प्राइज) की स्थापना 1969 में इंग्लैंड में हुई।
- यह यूनाइटेड किंगडम या आयरलैंड में प्रकाशित सर्वश्रेष्ठ अंग्रेजी उपन्यास के लिए दिया जाता है।
- पहले विजेता: पी एच नेवई ('Something to Answer For,' 1969)
- भारतीय विजेता: वीएस नाइपॉल, सलमान रश्दी, अरुंधति राय, किरण देसाई, अरविंद अडिग, गीतांजलि श्री

## ऑस्कर 2025: कन्नड़ लघु फिल्म

- फिल्म: सनफ्लावर वेयर द फर्स्ट वन्स टू नो
- श्रेणी: लाइव एक्शन लघु फिल्म
- निर्देशक: चिदानंद एस. नाइक
- निर्माण: फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (FTII)
- उपलब्धि: कान्स 2024 (ला सिनेफ़ श्रेणी विजेता)

**कहानी:**

- एक बुजुर्ग महिला मुर्गा चुराती है, जिससे सूरज की रोशनी रुक जाती है।
- भविष्यवाणी के तहत, व्यवस्था को बहाल करने के लिए महिला को गाँव से निर्वासित कर दिया जाता है।

## द फैबल : सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार

- **महोत्सव:** 38वां लीड्स अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (ब्रिटेन)
- **पुरस्कार**: कांस्टेलेशन फीचर फिल्म प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ फिल्म
- **फिल्म**: द फैबल (मनोज बाजपेयी अभिनीत)
- **निर्देशक**: राम रेड्डी

**महोत्सव का इतिहास:**

- स्थापना: 1987
- आयोजन: प्रतिवर्ष नवंबर में लीड्स
- उद्देश्य: दुनिया के सर्वश्रेष्ठ नए सिनेमा को सम्मानित करना

## रोहिणी नैय्यर पुरस्कार: अनिल प्रधान

- विजेता: 28 वर्षीय अनिल प्रधान (ओडिशा)
- योगदान: ग्रामीण भारत में STEM शिक्षा को बढ़ावा

**परियोजना:**

- यंग टिंकर फाउंडेशन सह-संस्थापक
- "टिंकर-ऑन-व्हील्स" मोबाइल लर्निंग लैब
- 2.5 लाख छात्रों को रोबोटिक्स और 3D प्रिंटिंग में व्यावहारिक प्रशिक्षण
- पुरस्कार: ₹10 लाख, प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी
- रोहिणी नैय्यर पुरस्कार:
- ग्रामीण विकास में योगदान के लिए वार्षिक सम्मान
- रोहिणी नैय्यर की स्मृति में स्थापित

## FIH स्टार अवार्ड्स 2024

**पुरस्कार:**

- **प्लेयर ऑफ द ईयर (पुरुष):** हरमनप्रीत सिंह
- **गोलकीपर ऑफ द ईयर (पुरुष):** पीआर श्रीजेश
- **प्लेयर ऑफ द ईयर (महिला):** यिब्बी जानसेन (नीदरलैंड)
- **गोलकीपर ऑफ द ईयर (महिला):** ये जिओ (चीन)

**अन्य:**

- हरमनप्रीत का तीसरा 'प्लेयर ऑफ द ईयर' पुरस्कार
- श्रीजेश का तीसरा 'गोलकीपर ऑफ द ईयर' पुरस्कार

## हिंडाल्को

- विश्व की सर्वाधिक टिकाऊ एल्युमीनियम कंपनी
- मान्यता: 2024 में लगातार पांचवें वर्ष
- रैंकिंग: एसएंडपी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट (सीएसए)
- अंक: 87 (2023 की तुलना में 9 अधिक)

**उपलब्धि:**

- 100वां पर्सेंटाइल (ईएसजी मानकों में)
- निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 22 अंक आगे

# 8. चर्चित व्यक्तित्व

## के. संजय मूर्ति भारत के नए नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक बने

- नियुक्ति: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा।
- के० संजय मूर्ति ने गिरीश चंद्र मुर्मू का स्थान लिया, जो 20 नवंबर, 2024 को सेवानिवृत्त हुए।

**भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG)**

- संविधान के अनुच्छेद 148 के तहत स्थापित एक स्वतंत्र प्राधिकरण है।
- **नियुक्ति:** सीएजी की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
- **कार्य:** सीएजी, भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग के प्रमुख होते हैं।
- **मुख्य कार्य :** केन्द्र, राज्य और स्थानीय सरकार के खातों और गतिविधियों का लेखा-परीक्षण।
- पद से हटाना: सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समान तरीके से और समान आधार पर।

## हरभजन सिंह दुबई में खेलों के लिए राजदूत नियुक्त

- भारतीय क्रिकेट खिलाड़ीहरभजन सिंह को दुबई स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा दुबई का खेल राजदूत नियुक्त किया गया।
- इसके अलावा भारत से इसमें टेनिस स्टार सानिया मिर्जा भी दुबई स्पोर्ट्स काउंसिल की राजदूत हैं।

## हर्षवर्धन अग्रवाल: फिक्की अध्यक्ष

- पदभार: 2024-25 के लिए अध्यक्ष
- वर्तमान: फिक्की के वरिष्ठ उपाध्यक्ष
- प्रमुख: इमामी समूह (दूसरी पीढ़ी के लीडर)
- फिक्की इतिहास:
  - स्थापना: 1927
  - मुख्यालय: नई दिल्ली

## तैयब इकराम: FIH अध्यक्ष

- **चुनाव:** 9 नवंबर 2024, मस्कट
- **कार्यकाल:** पहला पूर्ण चार वर्षीय कार्यकाल
- **पृष्ठभूमि:** 2022 में अंतरिम अध्यक्ष बने (नरिंदर बत्रा के इस्तीफे के बाद)
- **FIH:** इनडोर और फील्ड हॉकी का अंतरराष्ट्रीय शासी निकाय

## डोनाल्ड ट्रम्प: अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति

- चुनाव: 6 नवंबर 2024
- विजय: डेमोक्रेट उम्मीदवार कमला हैरिस को हराया

**विशेष:**

- ग्रोवर क्लीवलैंड के बाद दो गैर-लगातार कार्यकाल वाले दूसरे राष्ट्रपति
  - 270 इलेक्टोरल वोट प्राप्त किए
- पहला कार्यकाल: अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति

## तुलसी गब्बार्ड: अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक

- नियुक्ति: डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा
- योग्यता:
  - हवाई राज्य विधानमंडल में निर्वाचित सबसे कम उम्र की महिला (21 वर्ष की उम्र में)
  - पहली हिंदू जो अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की सदस्य बनीं
  - जिम्मेदारी: 18 खुफिया एजेंसियों की निगरानी और $70 बिलियन का बजट प्रबंधन

## श्रीलंका संसदीय चुनाव 2024: एनपीपी की ऐतिहासिक जीत

- परिणाम: नेशनल पीपल्स पावर (एनपीपी) ने 225 में से 159 सीटें जीतकर दो-तिहाई बहुमत हासिल किया।
- विपक्ष:
  - समागी जन बालावेगया (40 सीटें)
  - इलंकाई तमिल अरासु कडची (8 सीटें)
  - न्यू डेमोक्रेटिक फ्रंट (5 सीटें)
- **राष्ट्रपति:** अनुरा कुमारा दिसानायके
- **प्रधानमंत्री:** हरिनी अमरसूर्या (श्रीलंका की तीसरी महिला प्रधानमंत्री)
- **कैबिनेट**: 22 सदस्य (राष्ट्रपति समेत); 2 महिलाएं और 2 तमिल सांसद शामिल।
- **विशेष:** श्रीलंका के संविधान के अनुसार, कैबिनेट मंत्रियों की संख्या 30 और उप मंत्रियों की संख्या 40 से अधिक नहीं हो सकती।
- **चुनाव तिथि:** 14 नवंबर 2024
- **गठबंधन:** एनपीपी में 21 राजनीतिक दल और संगठन शामिल हैं।

## मॉरीशस: नवीन रामगुलाम

- **पदभार**: चौथा कार्यकाल (प्रधानमंत्री)
- **गठबंधन**: एलायंस डू चेंजमेंट (ADC)
- **विजय**: 62 में से 60 सीटें (62.6% वोट)

**प्रारंभिक कार्य:**

- नौकरशाही में कटौती
- कर सुधार
- पर्यटन, कपड़ा और चीनी निर्यात पर आधारित अर्थव्यवस्था में विविधता

### बोत्सवाना: ड्यूमा बोको

- **पद:** छठे राष्ट्रपति
- **पार्टी:** अम्ब्रेला फॉर डेमोक्रेटिक चेंज
- **परिणाम:** बोत्सवाना डेमोक्रेटिक पार्टी का 58 वर्षों का शासन समाप्त

### हैती: एलिक्स डिडिएर फिल्स-ऐम

- **पद:** प्रधानमंत्री
- **चुनौतियां:** गैंग हिंसा और मानवीय संकट

**विशेष:**

- 2024 के पहले तीन महीनों में गैंग हिंसा में 2,500 लोग मारे गए
- **पूर्ववर्ती:** गैरी कोनील

### अमेरिका: विवेक रामास्वामी और एलन मस्क

- **नियुक्ति:** (DOGE) डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के सह-नेता

**उद्देश्य:**

- सरकारी खर्च में कटौती
- संरचनात्मक सुधार और उद्यमशील दृष्टिकोण को बढ़ावा देना
- **सहयोग**: व्हाइट हाउस और प्रबंधन एवं बजट कार्यालय के साथ समन्वय

### गायिका शारदा सिन्हा का निधन

- उपाधि:'बिहार कोकिला'
- आयु: 72 वर्ष
- **योगदान:** भोजपुरी, मैथिली, हिंदी लोकगीत; छठ गीतों के लिए प्रसिद्ध
- **सम्मान:** पद्म भूषण, राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार
- हिंदी फिल्म गीत:'काहे तो से सजना' (मैंने प्यार किया), 'तार बिजली' (गैंग्स ऑफ वासेपुर)

### अर्थशास्त्री बिबेक देबरॉय का निधन

- **पद:** प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष (2017-2024)

**योगदान:**

- नीति आयोग के सदस्य (2015-2019)
- महाकाव्यों और पुराणों का अंग्रेजी अनुवाद
- अमृतकाल बुनियादी ढांचा परियोजना के लिए विशेषज्ञ समिति अध्यक्ष
- सम्मान: पद्म श्री (2015)

### सारंगी वादक पंडित राम नारायण का निधन

- आयु: 96 वर्ष
- योगदान: हिंदुस्तानी संगीत; फ़िल्म संगीत ('पाकीज़ा,' 'मुगल-ए-आज़म')
- सम्मान: पद्म विभूषण, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार
- जन्म: 25 दिसंबर 1927, उदयपुर, राजस्थान

# 9. चर्चित स्थान

## गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व

- छत्तीसगढ़ के गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व को देश के 56वें टाइगर रिजर्व के रूप में अधिसूचि किया गया।
- **क्षेत्र:** 2,829 वर्ग किलोमीटर में विस्तृत।
- आंध्र प्रदेश के नागार्जुनसागर-श्रीशैलम और असम के मानस टाइगर रिजर्व के बाद देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है।

## उच्च ऊंचाई वाला पैरा स्पोर्ट्स सेंटर, लेह

- **निर्माण:** लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद (एलएएचडीसी) और आदित्य मेहता फाउंडेशन (एएमएफ) का सहयोग।
- **उद्देश्य:** 2028 पैरालिम्पिक्स की तैयारी के लिए भारतीय पैरा-एथलीटों का आत्मविश्वास और क्षमता बढ़ाना।
- **समझौता ज्ञापन:** एलएएचडीसी और एएमएफ द्वारा हस्ताक्षरित।
- **प्रारंभिक पहल:** नई सुविधा के पूर्ण संचालन से पूर्व 15 विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान और सहायता।
- **प्रशिक्षण खेल:** तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, साइकिलिंग, जूडो, तैराकी, व्हीलचेयर बास्केटबॉल।
- **शीतकालीन खेल:** अल्पाइन स्कीइंग, बायथलॉन, व्हीलचेयर कर्लिंग।

## मेजर रालेंगनाओ 'बॉब' खातिंग वीरता संग्रहालय

- स्थान: तवांग, अरुणाचल प्रदेश।
- उद्घाटन: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा।

**योगदान:**

- तवांग को भारत में शांतिपूर्ण ढंग से एकीकृत करने का नेतृत्व।
- सशस्त्र सीमा बल, नागालैंड सशस्त्र पुलिस, और नागा रेजिमेंट की स्थापना।

**परिचय:**

- जन्म: तंगखुल नगा समुदाय, मणिपुर।
- **अभियान:** 1951 में नेफा (अब अरुणाचल प्रदेश) के सहायक राजनीतिक अधिकारी के रूप में तवांग के भारतीय संघ में समावेश।
- **सम्मान:** मिलिट्री क्रॉस (MC), MBE, पद्म श्री (1957)

**अन्य पद:**

- 1972-1975: म्यांमार में भारतीय राजदूत।
- 1967: नागालैंड के मुख्य सचिव।

## दुर्गेश अरण्य प्राणी उद्यान

- **विशेषता:** भारत का पहला चिड़ियाघर, जिसे इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (IGBC) से प्रमाणन प्राप्त होगा।
- स्थान: बनखंडी, कांगड़ा जिला, हिमाचल प्रदेश।
- **घोषणा:** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा।

**प्रमुख पहल:**

- टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल डिजाइन।
- भवन और भूदृश्य प्रमाणन पर ध्यान केंद्रित।

**उद्देश्य:**

- पर्यटन और बुनियादी ढांचे के विकास में स्थिरता को एकीकृत करना।
- संरक्षण और नवाचार का मॉडल प्रस्तुत करना।

## दुनिया का पहला $CO_2$-से-मेथनॉल रूपांतरण संयंत्र

**इथेनॉल उत्पादन:**

- 1G: चावल, मक्का जैसे अनाज।
- 2G: कृषि अवशेष और एनर्जी क्रॉप्स।
- 3G: अपशिष्ट जल और शैवाल।
- 4G: आनुवंशिक रूप से इंजीनियर सूक्ष्मजीवों द्वारा $CO_2$ रूपांतरण।
- **उद्घाटन:** 8 नवंबर 2024, NTPC द्वारा विंध्याचल, सिंगरौली (मध्य प्रदेश)।
- **सुविधा:** लेह में हाइड्रोजन-ईंधन से चलने वाली बसों का लॉन्च।

**विशेषता:**

- पहला स्वदेशी कैटेलिस्ट विकसित और परीक्षण।
- ग्रीन यूरिया, जनरेशन-4 इथेनॉल, और सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल में अनुसंधान।
- $CO_2$ कैप्चर और हाइड्रोजन तकनीक में प्रगति।

## भारत का पहला समर्पित रेलवे टेस्ट ट्रैक

- स्थान: डीडवाना जिला, राजस्थान (गुढ़ा और थाथाना मिठड़ी के बीच)।
- निर्माण पूर्ण: दिसंबर 2025।
- **लंबाई:** 60 किमी।
- **लागत:** 820 करोड़ रुपये।
- **उद्देश्य:** रोलिंग स्टॉक के एडवांस्ड परीक्षण।

**विशेषताएं:**

- बुलेट ट्रेनों के लिए उच्च गति परीक्षण (230 किमी/घंटा तक)।
- कम व उच्च गति के लिए अनुकूलित कर्व।
- सुरक्षा व स्थायित्व मापदंडों का परीक्षण।
- 7 बड़े पुल, 129 छोटे पुल, और 4 स्टेशन (गुढ़ा, जाबदीनगर, नवां, मिठड़ी)।
- **परियोजना प्रबंधन:** RDSO (Railway Design Standard Org. द्वारा देखरेख।

### दरांगा में भारत-भूटान सीमा पर पहला एकीकृत चेक पोस्ट

- उद्घाटन: 7 नवंबर 2024, दरांगा, असम।

**उद्घाटनकर्ता:**

- असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य।
- भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे।

**विशेषताएँ:**

- **क्षेत्रफल:** 14.5 एकड़।
- **स्थान:** भारत-भूटान सीमा से 700 मीटर की दूरी।
- प्रबंधन: भारतीय भूमि बंदरगाह प्राधिकरण (Land Ports Authority of India)।
- **उद्देश्य:** यात्रियों और वस्तुओं की सीमा पार आवाजाही को सुगम बनाना।
- **पहला ICP:** अटारी, अमृतसर (भारत-पाकिस्तान सीमा)।
- **वर्तमान ICPs की संख्या:** 13 (अटारी, अगरतला, पेट्रापोल आदि सहित)।

### ग्वालियर: भारत की पहली आधुनिक, आत्मनिर्भर गौशाला और सीबीजी संयंत्र

- **उद्घाटन:** 2 अक्टूबर 2024 को, ग्वालियर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीद्वारा।
- इसमें संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी)संयंत्र भी स्थापित किया गया है।
- इस गौशाला का नाम आदर्श गौशाला है, जो ग्वालियर के लालटिपारा में स्थित है।
- ग्वालियर नगर निगम द्वारा संचालित हैं।
- इस परियोजना कोइंडियन ऑयल कॉरपोरेशनके सहयोग से 5 एकड़ में विकसित किया गया है।
- यह सीबीजी संयंत्र प्रतिदिन 100 टन गोबर से 2 टन संपीड़ित बायोगैस का उत्पादन करेगा।

### ओडिशा के चौबीस तटीय गांवों को 'सुनामी रेडी' के रूप में मान्यता

- ओडिशा के चौबीस तटीय गांवों को यूनेस्को के अंतर-सरकारी समुद्र विज्ञान आयोग (IOC-UNESCO) द्वारा'सुनामी रेडी'के रूप में मान्यता प्राप्त हुई।
- ये गांव बालासोर, भद्रक, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर, पुरी, और गंजमजिलों में स्थित हैं।

**UNESCO-IOC पहल:**

- UNESCO-IOC सुनामी रेडी मान्यता कार्यक्रम (Tsunami Ready Recognition Programme: TRRP) एक अंतरराष्ट्रीय समुदाय-आधारित प्रयास है।
- यह वैश्विक तटीय क्षेत्रों में जोखिम की रोकथाम और शमन को बढ़ावा देने के लिए काम करता है।

### गुजरात सेमीकंडक्टर नीति 2022-2027

- **भारत में पहली बार:** गुजरात ने समर्पित सेमीकंडक्टर नीति लागू की।
- **नीति की अवधि:** 2022-2027
- **उद्देश्य:** सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता में गुजरात की अग्रणी भूमिका।

**महत्वपूर्ण पहल:**

- साणंद में माइक्रोन के एटीएमपी प्लांट की आधारशिला (सीएम भूपेंद्र पटेल)।
- धोलेरा में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और पॉवरचिप द्वारा भारत की पहली एआई-सक्षम सेमीकंडक्टर निर्माण सुविधा।

**प्रोत्साहन:**

- स्टांप ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क पर 100% रिफंड।
- **बिजली सब्सिडी:** 2 रुपये/यूनिट।
- पानी दर: 12 रुपये/क्यूबिक मीटर।
- भूमि अधिग्रहण सब्सिडी: 75%।

**धोलेरा की विशेषता:** भारत की पहली ग्रीनफील्ड स्मार्ट सिटी।

### हेलिकोबैक्टर पाइलोरी (Helicobacter pylori)

- शोध केंद्र: हैदराबाद के AIG अस्पताल में बैरी मार्शल केंद्र का शुभारंभ (8 नवंबर)।
- उद्देश्य: H. पाइलोरी संक्रमण के अध्ययन और उपचार पर केंद्रित पहला संस्थान।

**बैक्टीरिया की जानकारी:**

- H. पाइलोरी पेट में रहने वाला एक बैक्टीरिया है।
- आमतौर पर बचपन में संक्रमण होता है।
- यह बिना समस्या के लंबे समय तक शरीर में रह सकता है।

### 5G ग्रामीण कनेक्टिविटी के लिए मिलीमीटर वेव ट्रांसीवर

- **साझेदारी:** C-DOT और IIT-रुड़की के बीच समझौता।
- **समझौता:** दूरसंचार विभाग (DoT) की TTDF योजना के तहत।
- **फोकस:** मिलीमीटर वेव बैकहॉल तकनीक का विकास।
- **विशेषता:** छोटे सेल-आधारित स्टेशन (SBS) के माध्यम से गेटवे से जुड़ाव।
- **नवाचार:** मिश्रित ऑप्टिकल और मिलीमीटर वेव दृष्टिकोण।
- **लाभ:** कम आकार, कम लागत, और बेहतर आउटपुट।
- **प्रोत्साहन:** छोटे और मध्यम उद्योगों को विनिर्माण के लिए प्रेरित करना।
- **लक्ष्य:** सेमीकंडक्टर उद्योग पर निर्भरता को कम करना।

# 10. महत्वपूर्ण तथ्य

## ऑपरेशन द्रोणागिरी

- **निर्माण:** विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार।
- **लक्ष्य:** नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता सुधारना और व्यवसाय में आसानी के लिए भू-स्थानिक प्रौद्योगिकियों और नवाचारों के उपयोगों को प्रदर्शित करना।
- **लॉन्च:** 13 नवंबर 2024, FITT, IIT दिल्ली।
- पहला चरण: उत्तर प्रदेश, हरियाणा, असम, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में लागू किया जाएगा।
- **उपयोग क्षेत्र:** कृषि, आजीविका, लॉजिस्टिक्स और परिवहन में भू-स्थानिक डेटा और प्रौद्योगिकी के एकीकरण के संभावित अनुप्रयोगों को प्रदर्शित करना।

## ऑपरेशन सागर मंथन

- यह ऑपरेशन NCB द्वारा तस्करी को रोकने और समुद्री मार्गों से ड्रग्स की तस्करी को पहचानने के लिए शुरू किया गया।
- उद्देश्य: इस ऑपरेशन का उद्देश्य अवैध ड्रग्स की समुद्री तस्करी से उत्पन्न होने वालेराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरे का मुकाबला करना है।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज और वॉल्ट डिज्नी का विलय

- **विलय:** रिलायंस इंडस्ट्रीज और वॉल्ट डिज्नी के भारत प्रभाग का सफल विलय।
- संयुक्त उद्यम का मूल्य: 70,352 करोड़ रुपये (8.5 बिलियन अमरीकी डॉलर)।
- **निवेश:** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 11,500 करोड़ रुपये (1.4 बिलियन अमरीकी डॉलर) का निवेश किया।
- **अध्यक्ष:** नीता अंबानी, संयुक्त उद्यम की अध्यक्ष।
- **संयुक्त उद्यम पर नियंत्रण:** लेन-देन के समापन पर रिलायंस इंडस्ट्रीज का नियंत्रण होगा।
- **हिस्सेदारी:** डिज्नी की 36.84%, वायकॉम18 की 46.82%, और रिलायंस इंडस्ट्रीज की 16.34% हिस्सेदारी।
- **उपाध्यक्ष:** श्री उदय शंकर, संयुक्त उद्यम के उपाध्यक्ष।
- **महत्व:** यह संयुक्त उद्यम भारत की सबसे बड़ी मीडिया और मनोरंजन कंपनियों में शामिल होगा।

## वित्त आयोग सम्मेलन – विकास के लिए हस्तांतरण 2024

- **आयोजन:** केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय (MoPR) द्वारा।
- **स्थान:** 14 नवंबर, 2024को नई दिल्ली में।
- **अध्यक्षता:** डॉ. अरविंद पनगढ़िया(16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष)।
- सम्मेलन में ग्रामीण स्थानीय निकायों (RLB) को फंड के प्रभावी आवंटन में राज्य वित्त आयोगों (SFC) की भूमिका पर चर्चा की गई।

## ओटीटी प्लेटफॉर्म "वेव्स" लॉन्च

- **संस्था:** 20 नवंबर को राष्ट्रीय सार्वजनिक प्रसारक प्रसार भारती द्वारा।
- **उद्देश्य:** वेव्स का उद्देश्य डिजिटल स्ट्रीमिंग सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करते हुए पुरानी यादों को पुनर्जीवित करना है।
- यह आधुनिक डिजिटल रुझानों को अपनाते हुए स्वच्छ और परिवार-उन्मुख मनोरंजन प्रदान करेगा।
- यह मंच भारत की सांस्कृतिक और भावनात्मक विरासत से दर्शकों को जोड़ने का प्रयास करता है।
- वेव्स में समाचार, वृत्तचित्र और क्षेत्रीय सामग्री भी है, जो समावेशिता और विविधता को बढ़ावा देती है।

## भारत का पहला एआई डेटा बैंक लॉन्च

- **लॉन्च:** 20 नवंबर को एसोचैम एआई लीडरशिप मीट 2024 में।
- **उद्देश्य:** इसका मुख्य उद्देश्यनवाचार को बढ़ावा देना और देश की राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करना है।
- यह पहल शोधकर्ताओं, स्टार्टअप्स और डेवलपर्स को उच्च गुणवत्ता वाले, विविध डेटासेट तक पहुंच प्रदान करेगी।
- इन डेटासेट्स का उपयोग स्केलेबल और समावेशी एआई समाधान बनाने के लिए किया जाएगा।

## नीति आयोग द्वारा जल उत्सव का शुभारंभ

- तारीख: 6 नवंबर 2024 को जल उत्सव का शुभारंभ।
- उद्देश्य: जल प्रबंधन, संरक्षण और स्थिरता के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाना।
- प्रेरणा: प्रधानमंत्री मोदी के विजन के तहत 'नदी उत्सव' की तर्ज पर 'जल उत्सव' का विचार।
- समय सीमा: 6 से 24 नवंबर 2024।
- स्थल: 20 आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों में।
- साझेदारी: राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय।
- लक्ष्य: जल संसाधनों के संरक्षण में सामुदायिक भागीदारी और जल के कुशल उपयोग को बढ़ावा देना।
- सामूहिक जिम्मेदारी: जल प्रबंधन में उपयोगिताओं और एजेंसियों के बीच जिम्मेदारी की भावना पैदा करना।

## प्रथम एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन 2024

- **आयोजक:** केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय और अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (IBC)।
- **तारीख:** 5-6 नवंबर, 2024।
- **स्थान:** नई दिल्ली।

- **मुख्य विषय:** "एशिया को मजबूत बनाने में बुद्ध धम्म की भूमिका"।
- **उद्देश्य**: बौद्ध समुदाय की समकालीन चुनौतियों पर चर्चा करते हुए संवाद और समझ को बढ़ावा देना।
- **प्रतिभागी**: पूरे एशिया से प्रतिष्ठित धम्म संघ नेता और विद्वान।
- **मुख्य अतिथि**: भारत के राष्ट्रपति।

### रायपुर में 83वें भारतीय सड़क कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन

- उद्घाटन: केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी।
- आयोजन: 4 दिनों तक कई तकनीकी सत्रों का आयोजन।
- उद्देश्य: सड़क निर्माण से जुड़ी नई तकनीकों पर चर्चा।
- सहभागिता: देश-विदेश के 2000+ विशेषज्ञ।
- भारतीय सड़क कांग्रेस (आईआरसी): देश में राजमार्ग इंजीनियरों की सर्वोच्च संस्था।

### ओडिशा में एशिया का सबसे बड़ा ओपन-एयर व्यापार मेला 'बाली जात्रा'

- उद्देश्य: ओडिशा के प्राचीन समुद्री व्यापार इतिहास का जश्न।
- आयोजन तिथि: कार्तिक पूर्णिमा से 22 नवंबर तक।
- परंपरा: व्यापारी महानदी से बोइटास नावों में सवार होकर दूर देशों की यात्रा करते थे।
- सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ: ओडिशी, छऊ, बिहू, महारी, गोटीपुआ नृत्य।

### मणिपुर का निंगोल चाकौबा त्योहार

- प्रमुखता: मणिपुर के सबसे बड़े त्योहारों में से एक।
- **समुदाय:** मैतेई समुदाय का प्रमुख त्योहार, विभिन्न समुदायों का भी भागीदारी।
- **आयोजन:** हर साल मैतेई कैलेंडर के हियांगेई के चंद्र महीने के दूसरे दिन।
- **मुख्य परंपरा:** विवाहित बहनों का मायके में पुनर्मिलन, भव्य दावत और उपहार वितरण।

### नई दिल्ली में भारतीय सैन्यल विरासत महोत्संव

- आयोजन: दूसरा वार्षिक संस्करण, 8-9 नवंबर।
- उद्घाटन: प्रमुख रक्षा अध्य क्ष जनरल अनिल चौहान।
- उद्देश्य: राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति और सैन्यद विरासत पर ध्यान केंद्रित करना।
- सहभागिता: वैश्विक और भारतीय विचारक, निगम, सरकार, निजी क्षेत्र, गैर-सरकारी संगठन, शैक्षणिक संस्थान।

## पर्यावरण

### COP29 संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन 2024

- **आयोजन स्थल:** बाकू (अज़रबैजान)
- **अगला संस्करण:** COP 30 ब्राजील में।
- **अध्यक्षता:** मुख्तार बहादुर ओग्लू बाबायेव (अज़रबैजान के पारिस्थितिकी एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्री)
- **सम्मेलन की अवधि:** 11 से 22 नवंबर 2024
- **थीम:** 'सभी के लिए रहने योग्य ग्रह में निवेश करना'
- भागीदारी: UNFCCC के 198 सदस्य देशों और सहयोगी संगठनों के प्रतिनिधि

**परिणाम:**

- धनी देशों ने निर्धन देशों को जलवायु वित्तीय सहायता के लिए 2035 तक प्रतिवर्ष 300 बिलियन डॉलर की पेशकश की, जिसे भारत समेत कई विकासशील देशों ने खारिज कर दिया।
- समझौते में बढ़ते तापमान और आपदाओं से निपटने के लिए प्रति वर्ष 1.3 ट्रिलियन डॉलर का बड़ा लक्ष्य रखा गया, जिसमें अधिकांश धन निजी स्रोतों से आएगा।

### COP 29 सम्मेलन के प्रमुख निष्कर्ष

- **वैश्विक ऊर्जा दक्षता गठबंधन:** UAE द्वारा लॉन्च, कार्बन उत्सर्जन कम करने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना।
- **जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक 2025:** 63 देशों और यूरोपीय संघ के जलवायु प्रदर्शन की तुलना करने वाला मानकीकृत ढाँचा।
- **जलवायु पारदर्शिता पर बाकू घोषणा पत्र:** संवर्द्धित पारदर्शिता ढाँचे (ETF) के संचालन के लिए वैश्विक प्रतिबद्धता का आह्वान।
- **वैश्विक कार्बन बाजार**: पेरिस समझौते के अनुच्छेद-6.4 के तहत अंतरराष्ट्रीय कार्बन बाजार मानकों पर समझौता।
- देशों और कंपनियों को 'कार्बन ऑफसेट' व्यापार के दो मार्ग प्रदान करना।
- विकासशील देशों को संसाधन उपलब्ध कराना और सीमा पार सहयोग से प्रतिवर्ष 250 बिलियन डॉलर की बचत।
- **हानि एवं क्षति कोष:** जलवायु प्रभावों से संवेदनशील देशों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए क्रियान्वित।
- वैश्विक ऊर्जा भंडारण और ग्रिड संबंधी प्रतिज्ञा: वर्ष 2030 तक 1,500 गीगावाट ऊर्जा भंडारण का सामूहिक लक्ष्य।
- **हाइड्रोजन घोषणा:** नवीकरणीय, शून्य-उत्सर्जन और निम्न कार्बन हाइड्रोजन उत्पादन को बढ़ावा देने का वचन।

- **हाइड्रो-4 नेटजीरो-LAC:** स्थायी जलविद्युत अवसंरचना के विकास और आधुनिकीकरण के लिए पहल।
- **बाकू हार्मोनिया जलवायु पहल:** कृषि में जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने के लिए अनुकूलन और शमन प्रयासों को एकजुट करना।
- राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित अंशदान (NDC) को मजबूत करना: देशों को 2025 तक अपने NDC को अद्यतन करने के लिए प्रोत्साहित करना।

## डिजिटल सीक्वेंस इनफार्मेशन के लिए "कैली फंड"

- **स्थान:** कोलंबिया के कैली (Cali), CBD-COP16 सम्मेलन, 2 नवंबर 2024।
- **निर्णय:** डिजिटल सीक्वेंस इनफार्मेशन (DSI) के उपयोग से आर्थिक संसाधन एकत्र करने के लिए "कैली फंड" बनाने का निर्णय।
- **DSI:** जीवों के नमूनों से प्राप्त आनुवंशिक कोड, जिसे डिजिटल रूप में साझा किया जाता है।
- *कैली फंड में योगदान:* बड़ी कंपनियां और प्रमुख संस्थाएं, जो DSI से लाभ उठाती हैं, अपने मुनाफे या राजस्व के प्रतिशत के आधार पर योगदान करेंगी।
- **मॉडल:** DSI का उपयोग करने वाली बड़ी कंपनियों को टारगेट किया जाएगा, जबकि शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थान जिन्हें प्रत्यक्ष लाभ नहीं होता, उन्हें छूट दी जाएगी।

## दक्षिण-पश्चिमी प्रशांत महासागर में दुनिया का सबसे बड़ा कोरल

- हाल ही में, दक्षिण-पश्चिमी प्रशांत महासागरमेंदुनिया का सबसे बड़ा कोरल (मूंगा) खोजा गया है।
- यह खोज नेशनल जियोग्राफिक सोसाइटी की प्रिस्टीन सीज़ टीम ने की।
- यह कोरल ब्लू व्हेल से भी बड़ा है।
- इसकी चौड़ाई 34 मीटर, लंबाई 32 मीटर और ऊंचाई 5.5 मीटर है।
- यह 42 फ़ीट की गहराई पर स्थित है।
- कोरल समुद्री जीव होते हैं, जिन्हें प्रवाल और मिरजान भी कहा जाता है।

# 11. इंडेक्स एवं रिपोर्ट

## बिजनेस एनवायरनमेंट रैंकिंग 2024

- **प्रकाशन:** द इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (EIU)द्वारा।
- यह रैंकिंग विश्व बैंक की अब बंद हो चुकी इज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग से अधिक व्यापक है।
- सिंगापुर 8.56 स्कोर के साथ पहले स्थान पर है।
- भारत 1.08 स्कोर के साथ 51वें स्थान पर है।
- कारोबारी माहौल में सुधार के मामले में भारत तीसरे सबसे अच्छे देश के रूप में उभरा है।
- इस रैंकिंग में 82 देशों और क्षेत्रों में कारोबार करने के आकर्षण का आकलन किया जाता है।
- इस सूचकांक की गणना पिछले 5 सालों और आने वाले 5 सालों के आधार पर की जाती है।
- इसमें 11 श्रेणियों में 91 संकेतकों को शामिल किया गया है।

## विश्व बौद्धिक संपदा संकेतक रिपोर्ट 2024

- WIPO द्वारा 7 नवंबर 2024 को जारी विश्व बौद्धिक संपदा संकेतक रिपोर्ट 2024 के अनुसार, 2023 में वैश्विक पेटेंट दाखिलों में भारत ने पहली बार छठा स्थान प्राप्त किया।
- **वैश्विक पेटेंट दाखिले:** 2023 में 35 लाख से अधिक पेटेंट दाखिल किए गए, यह चौथा लगातार वर्ष था जब वैश्विक पेटेंट दाखिलों में वृद्धि देखी गई।

**अग्रणी देश:**

1. चीन: 16.4 लाख पेटेंट
2. संयुक्त राज्य अमेरिका: 5.18 लाख पेटेंट
3. जापान: 4.14 लाख पेटेंट
4. दक्षिण कोरिया: 2.88 लाख पेटेंट
5. जर्मनी: 1.33 लाख पेटेंट
6. भारत: 64,480 पेटेंट

## हेनले पासपोर्ट इंडेक्स: सिंगापुर सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट

- **सिंगापुर:** दुनिया का सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट, 195 देशों में वीजा-मुक्त पहुँच।
- **दूसरे स्थान पर:** इटली, जापान, जर्मनी, स्पेन, और फ्रांस।
- **भारतीय पासपोर्ट:** 58 देशों में वीजा-मुक्त यात्रा, 83वें स्थान पर।
- **रैंकिंग:** वीजा-मुक्त यात्रा करने वाले देशों की संख्या के आधार पर।
- **तीसरे स्थान पर:** ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, फ़िनलैंड, आयरलैंड, लक्ज़मबर्ग, नीदरलैंड, दक्षिण कोरिया, और स्वीडन (191 देशों में वीजा-मुक्त पहुँच)।
- **संयुक्त राज्य अमेरिका:** 186 देशों में वीजा-मुक्त पहुँच, 8वें स्थान पर।
- **सबसे कम शक्तिशाली पासपोर्ट:** अफ़गानिस्तान, सीरिया, इराक, यमन, सोमालिया और पाकिस्तान।

## QS एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 : IIT दिल्ली शीर्ष भारतीय संस्थान

- **रैंकिंग जारी:** QS एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में 984 शैक्षणिक संस्थानों की रैंकिंग।
- आईआईटी-दिल्ली: भारतीय संस्थानों में शीर्ष स्थान, 44वीं रैंक, आईआईटी-बॉम्बे (48वीं रैंक) को पीछे छोड़ा।
- पेकिंग विश्वविद्यालय: एशिया में पहले स्थान पर।
- दक्षिण एशिया में रैंकिंग: आईआईटी-दिल्ली दक्षिण एशिया में सर्वोच्च रैंक वाला संस्थान।
- भारतीय संस्थान: 162 भारतीय संस्थान रैंकिंग में शामिल।

- दूसरे और तीसरे स्थान पर: आईआईटी-बॉम्बे (48वीं रैंक) और आईआईटी-मद्रास (56वीं रैंक)।
- अन्य प्रमुख संस्थान:
- आईआईटी खड़गपुर (60)
- भारतीय विज्ञान संस्थान (62)
- आईआईटी कानपुर (67)
- दिल्ली विश्वविद्यालय (81)

## शिव नादर हुरुन इंडिया परोपकार सूची 2024 में शीर्ष पर

- **शिव नादर और परिवार:** ₹2,153 करोड़ का दान, भारत के अग्रणी परोपकारी व्यक्ति।
- **मुकेश अंबानी और परिवार**: ₹407 करोड़ का परोपकारी योगदान, दूसरे स्थान पर।
- **बजाज परिवार**: ₹352 करोड़ का दान, तीसरे स्थान पर।
- **कृष्णा चिवुकुला:** ₹228 करोड़ का दान, सूची में नए शामिल होने वाले सबसे उदार व्यक्ति।
- **अडानी समूह**: ₹330 करोड़ का परोपकारी योगदान, पांचवे स्थान पर।
- **सबसे उदार महिलाएं:** रोहिणी नीलेकणी ₹154 करोड़ के दान के साथ शीर्ष पर।
- **निखिल कामथ:** ₹120 करोड़ का योगदान, सबसे कम उम्र के परोपकारी व्यक्ति।

## स्टेट ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर 2024 रिपोर्ट

- **रिपोर्ट जारी:** संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) द्वारा स्टेट ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर 2024 रिपोर्ट।
- **कृषि खाद्य प्रणालियों की छिपी लागत:** 153 देशों में खाद्य उत्पादन, खपत और वितरण से जुड़ी छिपी लागतों का विश्लेषण।
- **छिपी लागतें:** स्वास्थ्य हानि, ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन, खाद्य पदार्थों से बीमारी फैलना।
- भारत की छिपी लागत: सालाना ₹1.3 ट्रिलियन, मुख्य रूप से अस्वास्थ्यकर आहार और गैर-संचारी रोगों के कारण।
- **दुनिया में छिपी लागत:** भारत की छिपी लागतें चीन ($1.8 ट्रिलियन) और अमेरिका ($1.4 ट्रिलियन) के बाद तीसरे स्थान पर।
- खाद्य पदार्थों से नुकसान का खतरा: प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों और एडिटिव की अधिक खपत, पौधों से प्राप्त संपूर्ण खाद्य पदार्थों और लाभकारी फैटी एसिड की कम खपत।

# Samyak
An Institute For Civil Services

# IAS
## FOUNDATION
क्लास 12th के बाद ग्रेजुएशन
के साथ 3 वर्षीय कोर्स

# RAS
## FOUNDATION
क्लास 12th के बाद ग्रेजुएशन
के साथ 3 वर्षीय कोर्स

# PSI
## PAPER 1st & PAPER 2nd

**Special Batch For**
**RAS PRELIMS**
**FAST TRACK BATCH**
**300 HOURS** INTENSIVE CLASSES BASED ON MOST IMPORTANT TOPICS

## RAS-2021 RESULT
राजस्थान में पहली बार
**TOP 10 में 9 TOPPERS**

RANK 1 विक्रांत शर्मा
RANK 2 प्रिया बजाज
RANK 4 विश्वजीत
RANK 5 भारती गुप्ता
RANK 6 आकांक्षा दुबे
RANK 7 कंचन चौधरी
RANK 8 शुभम शर्मा
RANK 9 निधि उदसरिया
RANK 10 सत्यनारायण

TOTAL **650+** Selection

## Samyak Gurukul
A Residential Coaching For Civil Services
शिक्षा | स्वास्थ्य | संस्कार | सफलता

**राजस्थान में पहली बार IAS/RAS की तैयारी के लिए पूर्ण सुरक्षित माहौल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आवासीय कोचिंग**

गुरुकुल की सुविधाएँ


विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन



गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन


योग प्राणायाम


सेपरेट हॉस्टल (Boys / Girls)


आधुनिक क्लासरूम


लाइब्रेरी




ONLINE COURSE & TEST SERIES AVAILABLE ON APP
SCAN QR & DOWNLOAD APP NOW

Live & Recorded Classes | Test Series & Solution | Personal Mentorship | Toppers' Strategic Sessions

**HEAD OFFICE: NEAR RIDDHI - SIDDHI, JAIPUR 9875170111**